CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

HAPPY NEW YEAR 2026

मुरादाबाद, गुरुवार 1 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 138 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00



## संक्षिप्त समाचार

### आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी से 16 करोड़ का नोटिस

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 16 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के लिए नोटिस जारी किया गया है। बैंक ने बताया कि उसे 30 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल के राजस्व उपायुक्त से 16,03,30,178 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। इसमें 8,67,57,468 रुपये के कर, 6,48,96,963 रुपये के ब्याज और 86,75,747 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह मामला ग्राहकों से बैंक खाते में न्यूनतम जमा राशि न रखने के लिए वसूले गए शुल्क पर जीएसटी की राशि सरकार को जमा न कराने से संबंधित है। इससे पहले राजस्व उपायुक्त ने सितम्बर 2025 में इसी मुद्दे पर बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### लव अग्रवाल होंगे नए डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी लव अग्रवाल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के नए महानिद. शक होंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार 1996 बैच के आंध्र प्रदेश काडर के आईएएस अग्रवाल इस पद पर अजय भादू का स्थान लेंगे। अग्रवाल अभी तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह इससे पहले अगस्त 2016 से अगस्त 2022 तक भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे। केंद्र सरकार में अपनी नियुक्ति से पहले श्री अग्रवाल ने आंध्र प्रदेश सरकार के विभिन्न पदों पर कार्य किया था। लव अग्रवाल का जन्म 18 फरवरी 1972 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में हुआ था। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।

# यूपी में ठंड और घने कोहरे का कहर जारी, दृश्यता घटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हो रहा है।

सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, वहीं ट्रेन और बस सेवाओं पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार एक जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तराई इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी के संकेत भी मिल रहे हैं। विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं घने कोहरे को देखते हुए प्रदेश के 37 जिलों में



■ 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी

ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें और पूरी सतर्कता बरतें। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए आने वाले दिनों में ठंड से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में 31 दिसम्बर तक देर रात और तड़के घने कोहरे का असर बने रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में अस्थिरता बढ़ेगी, जिससे 1 जनवरी से पश्चिमी यूपी और 2 जनवरी से पूर्वी यूपी के बड़े हिस्सों में कोहरे की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 1 जनवरी को प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही अगले 3-4 दिनों में औसतन 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान है। इससे प्रदेश में कोल्ड-डे जैसी स्थितियों में 1 जनवरी से कमजोरी आने की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव के बीच राजधानी लखनऊ की वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़ गई है। कुछ दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद मंगलवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 के पार पहुंचकर 201 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इससे पहले 22 दिसम्बर को भी लखनऊ में खराब एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार एक्यूआई मॉनिटरिंग के लिए लगे छह स्टेशनों में से गोमती नगर (229), अलीग.ंज-केंद्रीय विद्यालय (262), लालबाग (209) और तालकटोरा (296) में हवा की गुणवत्ता खराब दर्ज की गई।

# तृणमूल कांग्रेस नेता चुनाव आयोग से मिले

नई दिल्ली, वार्ता

■ पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया जारी

पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर्स की सुनवाई प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की।

चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने 10-15 बिंदु उठाए, लेकिन दो-तीन बिदुओं को छोड़कर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। वोट चोरी के मुद्दे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वोट चोरी ईवीएम में नहीं हो रही है। यह मतदाता सूची में हो रही है। कांग्रेस, आप जैसी पार्टियां महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में इसे पकड़ नहीं पाईं। अगर वे पकड़ लेतीं, तो इन राज्यों में भाजपा हार जाती। मैं समान विचारधारा वाली पार्टियों से अपील करता हूं कि वे मतदाता सूची में सॉफ्टवेयर के जरिए की जा रही 'चोरी' को पकड़ें। 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' सूची जारी करने पर जोर देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि 2002-03 में मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' नाम की कोई श्रेणी नहीं थी, ष्तो इस बार यह श्रेणी कैसे शुरू की गई? पहले एसआईआर में 'संदिग्ध सूची' जैसी कोई चीज नहीं थी।

# आउटसोर्सिंग कंपनी पर एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी का आरोप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में सामने आई गंभीर गड़बड़ियों को लेकर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने साफ कहा कि सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता और पात्रता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राज्यमंत्री के निर्देश पर नियमों को ताक पर रखकर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी अवनि परिधि एनर्जी कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ और संबंधित अभ्यर्थियों के खिलाफ थाना गोमतीनगर में षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही पूरे मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। बुधवार को राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचा.लित कोचिंग केंद्रों में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती को लेकर अनियमितता की शिकायत मिली थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेज खंगाले गए। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य था, इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा पास ही नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हुआ कि अपात्र लोगों को नौकरी दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लिया गया। प्रथम दृष्टया इस पूरे मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी को दोषी माना गया है।

## अयोध्या के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे नहीं टिक पाया कोई दुश्मन

# सनातन से ऊपर कोई नहीं, पताका लहराती रहेगी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ श्री राम जन्म भूमि मंदिर की दूसरी वर्षगांठ में शामिल हुए मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 2026 के लिए दी सभी को शुभकामनाएं

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए।

योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलक.ारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था। उन्होंने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरक.ारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहुलूहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता। 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, तैसे ही पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती।

स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवम्बर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं। सनातन का पताका हमेशा ऐसी ही दिखाई देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। 500 वर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के विराजमान होने और मंदिर के इस भव्य स्वरूप को देखकर वे आनंद-गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

### योगी व राजनाथ ने हनुमानगढ़ी और रामलला के किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन हनुमान के दर्शन-पूजन किए। हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला मंदिर व राम दरबार में हाजिरी लगाई, विधिवत आरती उतारी तथा मंदिर की परिक्रमा की। मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल होने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से वे सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके उपरांत राम दरबार में भी दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश की उन्नति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।



सेंसेक्स 85220.60

निफ्टी 26129.60



सोना रु. 133099

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 229433

प्रति किलो



# शेयर बाजारों में साल के अंतिम दिन तेजी एक वर्ष में 6536 अंक उछला सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग, ऑटो और अन्य सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में साल 2025 के अंतिम दिन बुधवार को तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक.ांक 545.52 अंक (0.64 प्रतिशत) चढ़कर 85,220.60 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक.ांक भी 190.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूती के साथ 26,129.60 अंक पर बंद हुआ। पूरे साल के दौरान सेंसेक्स 6,536.07 अंक (8.36 प्रतिशत) चढ़ा। यह 31 दिसम्बर 2024 को 78,139.01 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सूचकांक एक साल में 2,484.80 अंक (10.51



प्रतिशत) की बढ़त में रहा। मझौली कंपनियों का सूचकांक निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक भी 8.01 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 5.62 प्रतिशत फिसल गया। एनसएई में बुधवार को मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.11 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, बैंकिंग, ऑटो, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। एनएसई में कुल 3,249 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,220 के शेयर हरे निशान में और 935 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 94 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 26 के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील का शेयर 2.45 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.14 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में 1.93 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.86, एक्सिस बैंक में 1.82, ट्रेंट में 1.63, पावरग्रिड में 1.63, बीईएल में 1.56, एनटीपीसी में 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.26 और हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.10 प्रतिशत की तेजी रही।

# साल के आखिरी दिन चांदी और सोने की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,500 रुपए गिरकर 1,33,099 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,34,599 रुपए/10 ग्राम पर था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 2,896 रुपए कम होकर 2,29,433 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,32,329 रुपए किलो थी।

इससे पहले 29 दिसंबर को कारोबार के दौरान सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की 2,43,483 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई थी। ये दोनों का अब तक का सबसे ज्यादा भाव यानी ऑल टाइम हाई रेट है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम सोने की कीमत में 320 रुपये की कमी दिख रही है। बाजार जानकारों का कहना है कि चांदी में गिरावट ज्यादा इसलिए रही, क्योंकि हाल के हफ्तों में इसमें जबरदस्त और रिकॉर्ड तेजी देखी गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना सही समझा।

घरेलू बाजार के साथ साथ ग्लोबल मार्केट में भी कीमती धातुओं की कीमतें 31 दिसंबर को थोड़ी कमजोर रहीं। स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत गिरकर करीब 4,334 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि पिछले हफ्ते यह 4,549.71 डॉलर प्रति औंस के अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। अमेरिका में फरवरी डिलीवरी के लिए गोल्ड फ्यूचर्स भी करीब 1 प्रतिशत टूटकर 4,346.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गए।

# गेहूं मजबूत, चीनी, दालों में नरमी खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी और दालों के भाव टूट गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं आठ रुपये मजबूत होकर 2,860 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 33 रुपये और चना दाल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 10 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मसूर दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में मलेशिया



के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 20 रिंगिट फिसलकर 4,050 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.33 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 60 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 25 रुपये और सायो तेल 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। पाम ऑयल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में सात रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7768.72 रुपये, मसूर काली 8143.79 रुपये, मूंग दाल 10086.13 रुपये, उड़द दाल 10353.79 रुपये, तुअर दाल 10548.44 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2860.05 रुपये और चावल 3851.45 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3308.62 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4297.89 रुपये और गुड़ 4955.96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# गणतंत्र परेड में दिखेगी मूक योद्धाओं की झलक

■ इस बार कर्तव्य पथ पर होगी गणतंत्र दिवस की परेड

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर सेना के मार्चिंग दस्तों और हथियारों के साथ-साथ देश की रक्षा में प्राणों की बाजी तक लगाने वाले उसके 'मूक योद्धाओं' यानी पशु दस्ते की झलक भी देखने को मिलेगी।

कर्तव्य पथ पर यह एक विशेष और भावनात्मक दृश्य होगा, जिसमें सेना के पशु दस्ते पहली बार इतने बड़े और संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत का प्रतीक होंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है। सेना के इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट (मंगोलियाई ऊंट), चार जांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के सेना के दस श्वान और सेना में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल होंगे। पशु दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे, जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। ये ऊंट बहुत ठंडे मौसम और 15,000 फुट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से आ-जा सकते हैं। ये 250 किलो तक सामान ढो सकते हैं और कम चारे-पानी में लंबी दूरी तय करते हैं। इससे सेना को दूरदराज और कठिन इलाकों में रसद पहुंचाने में बड़ी मदद मिलती है। इसके बाद जांस्कर पोनी कदम से कदम मिलाकर चलेंगी जो लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल हैं। आकार में छोटी होने के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। ये पोनी शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकती हैं। वर्ष 2020 से ये सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवा दे रही हैं और कई बार एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करती हैं। परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) लंबी टांगों वाले बाज सेना की नई और स्मार्ट सोच को दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है, जिससे सेना के अभियान ज्यादा सुरक्षित रहते हैं। परेड का सबसे भावुक हिस्सा भारतीय सेना के श्वान होंगे, जिन्हें प्यार से 'मूक योद्धा' कहा जाता है। इन श्वान को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। इन श्वान ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत सेना अब मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर मध्यस्थता के चीन के दावे पर जवाब दें मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ ड्रैगन के ये दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था। पार्टी ने इसे भारत के साथ मजाक करार दिया और कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत है और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को चीन के दावों को चिता.जनक बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही बार-बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है और इस पर श्री मोदी की चुप्पी बेहद परेशान करने वाली है। रमेश ने कहा कि ट्रम्प लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उन्होंने 10 मई को ऑपरेशन सिन्दूर रोकने के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया था। वह यह दावा कम से कम सात अलग-अलग देशों में, विभिन्न मंचों पर 65 बार कर चुके हैं। मोदी ने इन दावों पर कभी भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी और अब चीन के विदेश मंत्री भी ऐसा ही दावा कर रहे हैं कि उसकी मध्यस्थता के कारण यह संघर्ष रोका गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बारे में चार जुलाई को उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत असल में चीन का सामना कर रहा था और उससे लड़ रहा था। चूंकि चीन निर्णायक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा था, ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के चीन के दावे चिताजनक हैं और यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वे देश की जनता को दी गई जानकारी के उलट हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक बनाते प्रतीत होते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस दावे को चीन के साथ हमारे संबंधों के संदर्भ में भी समझा जाना चाहिए, क्योंकि भारत ने चीन से बातचीत शुरु कर दी है, लेकिन दुर्भाग्य से बातचीत चीन के शर्तों पर हो रही है। प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को चीन को दी गई क्लीन चिट ने भारत की बातचीत की स्थिति को काफी कमजोर किया है। हमारा व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर है और हमारे निर्यात का बड़ा हिस्सा चीन से होने वाले आयात पर निर्भर है। अरुणाचल प्रदेश के संबंध में चीन की उकसाने वाली हरकतें लगातार जारी हैं। ऐसे एकतरफा और शत्रुतापूर्ण संबंधों के बीच भारत की जनता को यह स्पष्टता चाहिए कि ऑपरेशन सिदूर को अचानक रोकने में चीन ने क्या भूमिका निभाई।

### मप्र में सरकार की लापरवाही से लोग पी रहे हैं दूषित पानी, आठ की मृत्यु कई बीमार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में लोग सरकार की लापरवाही के कारण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिसके कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई और अन्य कई बीमार हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस ने बुधवार को यहां आरोप लगाया कि मोदी सरकार स्वच्छ पेयजल देने का नारा तो बुलंद करती है, लेकिन मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में दूषित पानी पीने से आठ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में लोग शिकायत करते हुए साफ पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। राज्य सरकार की अनदेखी के कारण लोगों को मजबूरन गंदा पानी पीना पड़ रहा है, जिसके कारण यह दुखद खबर आ रही है। पार्टी ने कहा है कि इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई और कई बीमार हैं।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

HAPPY NEW YEAR 2026

मुरादाबाद, गुरुवार 1 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 138 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### साल के आखिरी दिन कश्मीर में बर्फबारी, दिल्ली एयरपोर्ट पर 148 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। इसका असर मैदानी राज्यों पर नजर आ रहा है। जम्मू-कश्मीर की सोनमर्ग टनल के पास तेज बर्फबारी हुई। हिमाचल में के लाहौल स्पीति में 30 दिसम्बर की शाम से बर्फबारी जारी है। यहां तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य रही। आईजीआई एयरपोर्ट पर बुधवार को 148 फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। 150 फ्लाइट देरी से ऑपरेट हो रही हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि सीएटी-3 लागू किया गया है। फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। फ्लाइट कैंसिल भी हो सकती हैं। जम्मू-कश्मीर में साल के आखिरी दिन बर्फबारी हुई। पूरा कश्मीर इलाका बर्फ से ढंक गया। कश्मीर में बर्फ गिरने के बाद सड़क मार्ग बंद हो गया। श्रीनगर एयरपोर्ट पर बुधवार को 6 फ्लाइट रद्द की गईं। इनमें इंडिगो की 1, एयर इंडिया की 3 और एयर इंडिया एक्सप्रेस की 1 फ्लाइट शामिल है।

### नए साल पर दिल्ली- एनसीआर में पीएनजी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्राकृतिक गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए पाइप के जरिये घरों में आपूर्ति की जाने वाली (पीएनजी) की कीमतों में नए साल पर कटौती की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि नए साल से वह दिल्ली-एनसीआर में पीएनजी की कीमतों में 70 पैसे प्रति मानक घनमीटर घटाएगी। कटौती के बाद पीएनजी की नई कीमत दिल्ली में 47.89 रुपये और गुरुग्राम में 46.70 रुपये प्रति एससीएम होगी। गुरुग्राम में यह कीमत 46.70 रुपये और नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के लिए 47.76 रुपये प्रति एससीएम होगी।

### इंडिगो पर 458 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के ब्जीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने बताया कि यह जुर्माना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा है।

### एक लॉन्चर से बैक-टू-बैक दो प्रलय मिसाइल लॉन्च

# पाक के 10 बड़े शहर निशाने पर

बालासोर, वार्ता

**रक्षा अनुसंधान** एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओडिशा तट के पास प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान एक ही लॉन्चर से बैक टु बैक दो प्रलय मिसाइलें (सल्वो लॉन्च) दागी गईं।

मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के सेंसर लगाए गए थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे किया गया। 7500 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार वाली यह मिसाइल 1000 किलो बारूद ले जा सकती है। यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर, भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता के लिए एक अहम उपलब्धि बताया है। प्रलय शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है और पूरी तरह स्वदेशी है और डीआरडीओ ने ही इसे बनाया है। इससे पहले डीआरडीओ ने 28-29 जुलाई को ओडिशा तट पर ही प्रलय मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए थे। ये परीक्षण सेना और वायुसेना के उपयोग की जांच के तहत किए गए थे। स्वदेशी तकनीक से विकसित इस आधुनिक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल के जल्द हीं भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल किया जाना है, जिससे देश की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।



**7500 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार वाली मिसाइल ले जा सकेगी 1000 किग्रा बारूद**

**मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में लगाए गए थे आईटीआर के सेंसर**

### SSLV के उन्नत तीसरे चरण का स्थैतिक परीक्षण सफल

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के तीसरे चरण (एसएस3) के उन्नत संस्करण का सफलतापूर्वक 'स्थैतिक परीक्षण' किया। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) मणें हुआ। एसएसएलवी इसरो का नया रॉकेट है। यह तीन चरणों वाला पूरी तरह ठोस ईंधन से चलने वाला उपग्रह प्रक्षेपण यान है, जो 500 किलोग्राम तक का भार ले जाने में सक्षम है। इसका तीसरा (ऊपरी) चरण रॉकेट को लगभग चार किमी प्रति सेकंड की गति देता है।

# बेगम खालिदा जिया राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक

**ढाका।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री एवं देश की राजनीति की दिग्गज शख्सियत बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों के भारी भीड़ के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गौरतलब है कि मंगलवार की सुबह बेगम जिया का 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार की सुबह सात बजे उनका नमाज-ए-जनाजा निकला, तब ढाका एवं अन्य जिलों से लोगों का काफिला उमड़ पड़ा। फेनी, ब्रह्मणबरिया, मयमनसिंह, कुमिल्ला, गाजीपुर, मुंशीगंज और नारायणगंज जिलों से लोग बस, ट्रक और लॉरियों में सवार होकर अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए माणिक मिया एवेन्यू की तरफ बढ़ने लगे। सुबह से ही माणिक मिया एवेन्यू के आसपास लाउड स्पीकर पर कुरान की आयतें गूंज रही थीं और लोग इस सर्द मौसम में नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए एवेन्यू के आसपास जमा हो रहे थे। बेगम जिया को उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नेपाल, पाकिस्तान, भूटान और भारत से कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे। भारी भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में आर्म्ड पुलिस बटालियन को तैनात किया गया था।



**बांग्लादेश में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह के साथ।**

# सेहत के लिए हानिकारक निमेसुलाइड दवा पर लगा बैन

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को ऐसी सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें निमेसुलाइड की मात्रा 100 मिलीग्राम से अधिक है।

मंत्रालय ने एक वर्ष पहले ही मवेशियों के लिए भी इसे प्रतिबंधित कर दिया था। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भारत में इस घटक (साल्ट) का प्रयोग सामान्य रूप से दर्द और बुखार में होता है। इसके उच्च खुराक के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती है। यह सलाह स्वास्थ्य विशेषज्ञों की उन चिंताओं के बाद आई, जिनमें रोगियों में लीवर को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई थी।

> ■ **विशेषज्ञों ने लीवर को नुकसान पहुंचाने की आशंका जताई थी**

# यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती का विज्ञापन जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नए साल के आगमन से पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है।

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इसके तहत इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 31 दिसम्बर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य होगा। बिना ओटीआर के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ओटीआर और ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। वहीं, भर्ती से जुड़ी विस्तृत विज्ञप्ति, पात्रता, आयु सीमा, आरक्षण, चयन प्रक्रिया और परीक्षा से संबंधित सभी जानकारियों के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

> ■ **2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों पर भती होगी**

# हिजबुल आतंकी साजिश के दोषियों को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली।** एनआईए की विशेष अदालत ने असम के गुवाहाटी स्थित हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी साजिश मामले के एक प्रमुख आरोपी को दोषी ठहराया और उसे साधारण कारावास की सजा सुनाई।

एनआईए अदालत ने मंगलवार को आरोपियों मोहम्मद कमरुज जमान, डा. हुरैरा और कमरुद्दीन को अलग-अलग साधारण कारावास की सजा सुनाई गई, जिसमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। ये सजाएं एक साथ-साथ चलेंगी, जिनमें यूए(पी) अधिनियम, 1967 की धारा 18 के अंतर्गत आजीवन कारावास और यूए(पी) अधिनियम, 1967 की धारा 18बी के अंतर्गत, धारा 120बी आईपीसी के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 38 और यूए(पी) अधिनियम के अंतर्गत पांच-पांच साल का साधारण कारावास की सजा शामिल है।

> ■ **एक अन्य को दोषी ठहराते हुए साधारण कारावास की सजा सुनाई**


# अब चीन का दावा: हमने भारत-पाक संघर्ष रुकवाया

## कहा: हमने कई लड़ाइयों को सुलझाने में मदद की

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन ने भी यह दावा किया है कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य तनाव को कम कराने में भूमिका निभाई थी। चीन का कहना है कि जब इस साल दोनों देशों के बीच हालात बिगड़ गए थे, तब उसने बीच में आकर तनाव कम करने की कोशिश की। बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव के दौरान भी चीन ने मध्यस्थता की थी। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारत सरकार ने चीन के इस दावे को खारिज किया है। भारत ने कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं है। चीन का यह बयान उस समय को लेकर है, जब इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव हुआ था। इस दौरान भारत ने पाकिस्तान के कई आतंकी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, जिससे कुल मिलाकर 11 एयरबेस को नुकसान पहुंचा था। भारत ने यह हमला 22 अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया था, जिसमें 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। चीन और ट्रम्प के दावों के उलट भारत सरकार पहले भी साफ तौर पर कह चुकी है कि इस पूरे मामले में किसी भी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। भारत का कहना है कि यह तनाव सीधे भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत से ही खत्म हुआ। भारत के मुताबिक, भारी नुकसान होने के बाद पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी ने भारतीय सैन्य अधिकारी से संपर्क किया था। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल आफ मिलिट्री ऑपरेशंस ने भारतीय डीजीएमओ से बात की और इसके बाद दोनों देशों ने 10 मई से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। चीन के इस नए दावे के बाद उसकी भूमिका को लेकर फिर से चर्चा शुरू हो गई है, क्योंकि चीन और पाकिस्तान के रिश्ते बहुत करीबी माने जाते हैं। चीन, पाकिस्तान को सबसे ज्यादा हथियार देने वाला देश है, इसलिए उस पर सवाल उठते रहे हैं कि वह इस मामले में कितना निष्पक्ष रह सकता है। नवम्बर में आई एक अमेरिकी रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया कि सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट्स के जरिये एआई से बनाई गई झूठी तस्वीरें फैलाई गईं।

> ■ **भारत ने कहा: सीजफायर में तीसरे पक्ष का रोल नहीं**



अल्लामा इक़बाल यूनानी मैडिकल कॉलिज एण्ड ऐ0सी0ऐन0 हॉस्पिटल, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर

समस्त भारतवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रोफेसर मुश्ताक हुसैन (प्राचार्य) 9897632081

तस्लीम-उल-हक़ (प्रबंध निदेशक) 9837132196







# किरतपुर में तालाब की जमीन पर बना मॉल

## दुकाने लेने के लिए रकम अदा कर चुके दुकानदारों व निवेशकों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के बस स्टैंड पर वर्षों पुराने तालाब की भूमि पर बने मॉल को लेकर जिला प्रशासन, संबंधित विभागों तथा मॉल में दुकानें लेने के लिए बड़ी रकम अदा कर चुके दुकानदारों व निवेशकों में उस समय हड़कंप मच गया, जब जिलाधिकारी द्वारा स्वयं निर्माण को अवैध माना गया।

प्रशासनिक स्तर पर यह स्वीकार किया गया है कि जिस भूमि पर मॉल का निर्माण किया गया है, वह तालाब की श्रेणी में आती है। इसके बावजूद न केवल निर्माण कार्य पूरा कराया गया, बल्कि दुकानों की खुलेआम बिक्री भी होती रही। अब अवैध निर्माण की स्वीकारोक्ति के बाद संभावित ध्वस्तीकरण की आशंका ने सैकड़ों निवेशकों को गहरी चिंता में डाल दिया है।

दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने सभी कागजात और कथित स्वीकृतियों के आधार पर अपनी जीवनभर की जमा पूंजी निवेश की। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि मॉल को ध्वस्त किया गया, तो लाखों-करोड़ों रुपये का नुकसान आखिर कौन वहन करेगा?

जब जिलाधिकारी द्वारा मॉल की जगह को तालाब माना गया, तो निर्माण के दौरान जिला प्रशासन और संबंधित विभागों ने समय रहते हस्तक्षेप क्यों नहीं किया? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रारंभिक चरण में ही निर्माण पर रोक लगा दी जाती, तो न सार्वजनिक तालाब नष्ट होता और न ही निर्दोष निवेशकों की पूंजी खतरे में पड़ती। अब पूरे मामले में संबंधित विभागों



की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में तालाब, पोखर, झील व अन्य जलस्रोतों पर अवैध कब्जे हटाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश कई बार जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि जलस्रोतों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) भी अपने कई आदेशों में यह स्पष्ट कर चुका है कि तालाब, झील और अन्य जलस्रोतों को पाटकर किया गया कोई भी निर्माण पर्यावरण कानूनों का उल्लंघन है और ऐसे निर्माणों को हटाया जाना अनिवार्य है। वहीं सुप्रीम कोर्ट भी ऐतिहासिक फैसलों में यह साफ कर चुका है कि तालाब और जलस्रोत सार्वजनिक संपत्ति हैं, जिन्हें व्यावसायिक उपयोग में नहीं बदला जा सकता। कोर्ट के अनुसार जलस्रोतों का संरक्षण संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत नागरिकों के जीवन के अधिकार से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री, NGT और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद किरतपुर बस स्टैंड पर तालाब की भूमि पर बने मॉल को लेकर अब तक ठोस कार्रवाई न होना, प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि क्या उच्च स्तर के आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं?

यह भी सवाल उठ रहे हैं कि निर्माण की अनुमति किस स्तर पर और किन परिस्थितियों में दी गई, तथा क्या नियमों की अनदेखी जानबूझकर की गई। नागरिकों और निवेशकों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों की जवाबदे. ही तय करने और अवैध अनुमति देने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्माण को अवैध मानने के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट कार्ययोजना या ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे दुकानदारों व निवेशकों में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है।

इस संबंध में जिला प्रशासन से आधिकारिक प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, किंतु समाचार लिखे जाने तक प्रशासनिक पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

## एक नजर

### नहर के पुल पर लूट

**किरतपुर।** निकटवर्ती गांव भरैकी निवासी आसिफ पुत्र अब्दुल वहीद के साथ लूट की घटना सामने आई है। आसिफ फेरी लगाने का काम करता है। जानकारी के अनुसार वह कल शाम करीब 8 बजे गांव लावलपुर से गुनियापुर की ओर जा रहा था। जब वह गांव में स्थित नहर के पुल पर पहुंचा, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों ने उसे रोक लिया और उससे 7,000 रूपए की नगदी व एक मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। नव नियुक्त थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। आरोपी कही भी चले जाएं बच नहीं पाएंगे।

### राजा गजंफर अली को खिराजे अकीदत



**किरतपुर।** मुस्लिम फंड की शाखा भोजपुर में पूर्व अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री राजा गजंफर अली को ग्यारहवीं बरसी पर उन्हें खिराज अकीदत पेश की गई। मुस्लिम फंड शाखा में कुरान ख्वानी कराकर उन्हें इसाले सवाब पहुंचाया गया, उनके किए गए योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। शाखा प्रबंधक शहाब अथर खां ने आयोजित सभा में कहा कि राजा गजंफर अली आज हमारे बीच नहीं रहे, परन्तु उनकी याद आज भी हमारे दिल में है। इस मौके पर कारी सरफराज, हाफिज फुरकान, हाफिज रिजवान, अब्दुल सत्तार, इमरान अंसारी, दिलशाद, राशिद खां, कामरान यूसुफ, सलीम मलिक और मदरसे के बच्चे शामिल रहे।

### स्टाफ नर्स पर अभद्र व्यवहार का आरोप



**हल्दौर।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर आशा कार्यकर्ताओं ने जच्चा-बच्चा केंद्र में तैनात एक स्टाफ नर्स पर अभद्र व्यवहार के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आशा कार्यकर्ताओं ने मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से करने की चेतावनी दी। सीएचसी के जच्चा-बच्चा केंद्र में संविदा पर तैनात स्टाफ नर्स प्रीति पर आरोप है कि वह प्रसव के दौरान आशा कार्यकर्ताओं के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करती है। ग्राम नवादा तुल्ला में तैनात आशा कार्यकर्ता प्रियंका ने बताया कि नर्स द्वारा कई बार आशा कार्यकत्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया है, जिससे कार्य करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। आशा हेल्थ वर्कर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश राज्य परिषद, लखनऊ से जुड़ी जिलाध्यक्ष संगीता के नेतृत्व में उषा देवी, नीतू शर्मा, गुलशन, मंशा देवी, कविता देवी, ममता चौधरी सहित अन्य आशा कार्यकर्ताओं ने सीएचसी के मुख्य द्वार पर नर्स के खिलाफ रोष प्रकट किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि नर्स का तबादला नहटौर किया जा चुका है। इसके बावजूद वह यहां कार्यरत है और उनका व्यवहार लगातार आपत्तिजनक बना हुआ है। प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सीएमओ कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराएंगी। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि स्टाफ नर्स प्रीति की मूल तैनाती चांदपुर क्षेत्र की है। उनका तबादला नहटौर कर दिया गया था, लेकिन वह वहां कार्यभार ग्रहण नहीं कर रही थी। बाद में सीएमओ स्तर से तबादला निरस्त कर दिया गया है। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

# द्वारिकेश शुगर मिल ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में बुंदकी स्थित द्वारिकेश शुगर मिल ने एक कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम विजय शंकर रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शुगर मिल के इस सामाजिक कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य लगातार होते रहने चाहिए ताकि जरूरतमंदों को मदद मिलती रहे। द्वारिकेश शुगर मिल के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम ठंड से बचाव के लिए पात्र लोगों को कंबल वितरित करने हेतु आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि शुगर मिल द्वारा लगातार ऐसे सामाजिक कार्य हर वर्ष किए जाते रहे हैं, जिनमें निःशुल्क चिकित्सा शिविर और बच्चों की शिक्षा में सहायता शामिल है। भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रहेंगे।

इस अवसर पर तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित शुगर मिल के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 20 साल बाद कोटरा रजवाहा फिर होगा शुरू

## विधायक अशोक राणा के प्रयास से शिखर स्कूल परिसर में बना अवरोध समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़ा कोटरा रजवाहा अब पुनः अपने पुराने स्वरूप में नजर आएगा। लगभग दो दशक पहले निर्मित यह रजवाहा किसानों के लिए सिंचाई का अहम साधन था, लेकिन समय के साथ विभिन्न स्थानों पर अवरोध पैदा होने के कारण यह पूरी तरह बंद हो गया था। अब क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप और सिंचाई विभाग की पहल से रजवाहे को पुनर्जीवित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।



जानकारी के अनुसार करीब 20 वर्ष पूर्व धामपुर क्षेत्र में बढ़ती गर्मी और सिंचाई संकट को देखते हुए कोटरा रजवाहे का निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य आसपास के खेतों तक नियमित रूप से पानी पहुंचाकर किसानों को लाभ देना था। रजवाहे की कुल लंबाई लगभग 21 किलोमीटर बताई जा रही है, लेकिन किसानों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर किए गए अवरोधों के चलते यह केवल 14 किलोमीटर तक ही प्रभावी रह सका, बाद में पूरी तरह निष्क्रिय हो गया।

बताया गया कि कई बार प्रयासों के बावजूद स्थानीय स्तर पर अवरोध नहीं हट पाए, जिससे वर्षों तक किसान सिंचाई सुविधा से वंचित रहे। हाल ही में क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप के बाद पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड-6 के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। बुधवार को धामपुर क्षेत्र में हवन-पूजन के साथ कोटरा रजवाहे के पुनर्निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत की गई।

शिखर स्कूल परिसर में बने अवरोध को अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हटाने का कार्य प्रारंभ कराया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रजवाहे की खुदाई और सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि रजवाहा चालू होने से धामपुर क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे भीषण गर्मी में जलस्तर गिरने की समस्या भी कम होगी।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सरकार द्वारा इस रजवाहे के निर्माण पर पहले करीब 600 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन अवरोधों के कारण इसका पूरा लाभ किसानों को नहीं मिल पाया। अब इसे पूरी तरह चालू कर किसानों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने दावा किया कि यदि मौसम और परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो मई माह के अंत तक रजवाहा पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा।

इस मौके पर सिंचाई विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। किसानों ने रजवाहे के पुनर्जीवित होने पर खुशी जाहिर करते हुए इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

## एक नजर

### षडयंत्र रचने पर दो भाईयों का चालान

**हल्दौर।** ग्राम अम्हेड़ा में करीब तीन माह पूर्व ग्राम के ही नवाजिश (25 वर्ष) पुत्र अकबर का फतेह अली शाह बाबा के उर्स मेले के दौरान कुछ युवकों से विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट की घटना भी सामने आई थी। ग्रामीणों का कहना है कि उस समय संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत करा दिया गया था। इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। गत दो दिसंबर की शाम करीब नौ बजे नवाजिश अपने नए घर से पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम के मदरसे के पास उसे गोली लगने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए बिजनौर ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। प्रारंभिक तौर पर पीड़ित पक्ष के भाई सलीम की तहरीर पर ग्राम निवासी वाजिद पुत्र मुश्ताक, सलीम पुत्र हनीफ व वसीम उर्फ बाला पुत्र अनीस के खिलाफ गोली मारकर जानलेवा हमला करने समेत संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया था। हालांकि, पुलिस द्वारा जांच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घायल के भाई द्वारा गोली मारने के तथ्य मिले। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की गई है और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नवाजिश व उसके भाई सलीम के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की और उनका चालान कर दिया।

### प्लाट पर अवैध कब्जे का प्रयास

**नहटौर।** मौहल्ला अफगानान निवासी मौहम्मद शुऐब पुत्र मौहम्मद फारूख ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि हल्दौर रोड पर उनका एक प्लाट है। वर्ष 1997 में उसने बैनामा कराया था। तभी से उसका कब्जा चला आ रहा है। मंगलवार-बुधवार की रात को उक्त प्लाट पर बाउंड्रीवाल को कुछ लोगों ने तोड़ दिया। उक्त प्लाट पर अवैध कब्जे का प्रयास करने की नियत से ऐसा किया गया है। बाउंड्रीवाल तोड़ने से उसका काफी नुकसान हो गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि इस मामले में जांच की जा रही है।

### आईटीआई की सीबीटी परीक्षा संपन्न

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में जुलाई 2025 की संपन्न हुई। परीक्षा से वंचित रह गए अथवा फेल हुए परीक्षार्थियों की कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट आज संपन्न हो गई। इस परीक्षा में कुल 824 परीक्षार्थी सम्मिलित होने थे, जिनमें से 724 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 100 परीक्षाथी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाए। जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकल विभिन्न करने के लिए रवि कुमार शर्मा को कार्यपालक मजिस्ट्रेट तनाव किया था। उनके द्वारा परीक्षा का समय-समय पर निरीक्षण किया गया तथा परीक्षा की समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। परीक्षा संपन्न कराने में प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, अभय कुमार श्रीवास्तव, राहुल सिंह, अनुज कुमार यादव आदि का विशेष योगदान रहा।

### पत्रकारों के साथ अभद्रता पर रोष

**नहटौर।** वनरक्षक सिपाही द्वारा पत्रकारों के साथ की गई अभद्रता के मामले में नहटौर के पत्रकारगण उक्त वनरक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थानाध्यक्ष से मिले। तीन दिन के अंदर कार्रवाई न होने पर अगली रणनीति तैयार किए जाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व नहटौर की वन चौकी पर चल रहे किसानों के धरने की कवरेज करने पहुंचे पत्रकार मौहम्मद फैजान व नीरज भारद्वाज के साथ वन चौकी पर तैनात वनरक्षक सिपाही ने अभद्रता कर दबंगई दिखाते हुए शारीरिक बल प्रयोग कर वहां से भगा दिया था, जिससे पत्रकारों में आक्रोश फैल गया था। पत्रकार मौहम्मद फैजान ने थाने पहुंचकर उक्त वन रक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर सौंपी थी। आज पत्रकारगण थानाध्यक्ष धीरज नागर से मिले तथा उक्त वन रक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही तीन दिन के अंदर उक्त वन रक्षक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर अगली रणनीति की बात कहीं। जिस पर थानाध्यक्ष ने उक्त मामले की रिपोर्ट वन विभाग के उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने की बात कही। पत्रकारों के साथ की गई अभद्रता से जिले भर के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकारों ने उक्त वन कर्मी को निलंबित किए जाने की मांग की। इस मौके पर नीरज भारद्वाज, मुनीश राणा, अब्दुल कलाम, कुलवीर चौधरी, महकार सिंह तोमर, डॉ. सुशील शर्मा, अकबर अली, आबिद अंसारी, विशाल शर्मा, ऋषभ जैन, विपिन वर्मा, संजय शर्मा, हामिद सलमानी, अरविंद जोशी, निधि शर्मा, मशरूर अहमद, पुष्कर सिंह, रवि शर्मा, सोनी शर्मा, अमित शर्मा, अमरकांत शर्मा, मौहम्मद फैजान, मौहम्मद दानिश, शहजाद मलिक आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# गड़बड़ी मिलने पर निजी धर्मकांटा सील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना क्रय केंद्र बिराल पर घटतौली की शिकायत की जांच के दौरान प्रशासन ने एक निजी धर्मकांटे में बड़ी अनियमितता पकड़ते हुए उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। हालांकि जांच में गन्ना क्रय केंद्र का कांटा पूरी तरह मानक के अनुरूप सही पाया गया।

आज सुबह लगभग 11 बजे टोल-फ्री नंबर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि बिराल केंद्र पर तौल में अंतर आ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और गन्ना विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही की। ज्येष्ठ बाट-माप निरीक्षक द्वारा केंद्र के कांटे की 20 कुंतल के मानक बाटों से जांच की गई, जिसमें तौल बिल्कुल सटीक पाई गई। किसानों द्वारा बाहरी धर्मकांटे से वजन में अंतर की बात कहे जाने पर, नायब तहसीलदार की उपस्थिति में फौजी धर्मकांटा, हीमपुर बुजुर्ग की औचक जांच की गई। जांच के दौरान जब मानक बाटों और ट्रॉली के संयुक्त वजन (4660 किग्रा) को उक्त निजी कांटे पर तोला गया, तो वहां वजन 4735 किग्रा प्रदर्शित हुआ। निजी धर्मकांटे पर 75 किलो ग्राम की अवैध बढ़ोतरी (मैनुपुलेशन) पाए जाने पर तहसीलदार के निर्देशानुसार उक्त धर्मकांटे को तत्काल सील कर दिया गया है और उसकी डिस्प्ले यूनिट को प्रशासनिक कब्जे में ले लिया गया है। प्रकरण के पूर्ण समाधान हेतु सहायक चीनी आयुक्त (धामपुर), ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं बाट-माप निरीक्षक की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता की गाड़ी को पुनः केंद्र के कांटे पर तुलवाया। जांच में कांटा सही पाया गया, जिससे शिकायतकर्ता और उपस्थित किसान पूर्णतः संतुष्ट नजर आए।

# लोकबंधु राज नारायण की पुण्यतिथि मनाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी आंदोलन के महान नेता, लोकबंधु राज नारायण की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके सिद्धांतों को स्मरण किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की। जबकि संचालन जिला कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर खान ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि लोकबंधु राज नारायण सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने सत्ता के विरुद्ध संघर्ष कर लो. कतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की और देश की राजनीति को नई दिशा दी। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की अनुपम मिसाल है, जिससे आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी लोकबंधु राज नारायण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समानता और न्याय की स्थापना के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

इस अवसर पर डॉ. रहमान, प्रभा चौधरी, मदन सैनी, महमूद कस्सार, चौधरी दारा सिंह, अखलाक पप्पू, डॉ. योगेंद्र चौधरी, दिनेश चौधरी, सुधीर चौधरी, हाजी जावेद राइन, वकार राइन, देवानंद भूय्यार, कासिम कुरैशी, विनय ठेकेदार एवं अहमद खिजर खान सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन एवं समाजवादी मूल्यों के साथ संपन्न हुआ।


## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के निर्देश पर यह नोटिस देता हूं कि मेरे मुवक्किल इसरार पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम बेगमपुर चांदपुर, जिला बिजनौर ने अपनी दुकान जो कि खसरा नं. 31ग्राम कुतुबपुर गामड़ी चांदपुर, जिला बिजनौर में स्थित है के सापेक्ष में ऋण का आवेदन किया है यदि किसी को उक्त के विषय में यदि किसी व्यक्ति वितीय संस्था या अन्य किसी को आपत्ति हो तो सात दिन के भीतर अपनी आपत्ति/दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क करें।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट बिजनौर**
**मोबाइल नं.- 8445429323, 8958840567**


# नववर्ष पर लॉ कालेज में फ्रेशर पार्टी

## सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, मिस और मिस्टर फ्रेशर चुने गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कोतवाली रोड स्थित एलआरएस लॉ कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलएलबी और बीए एलएलबी में प्रवेश लेने वाले नए छात्र-छात्राओं का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया गया।

एसडीएम विजय शंकर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि प्रबंधक संजीव कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एड. अशोक त्यागी, एड. दीपक बिश्नोई, एड. आरिफ खान, एड. नईम अहमद, शाहिद अली गौहर ने छात्रों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिए।



कार्यक्रम का शुभारंभ बार अध्यक्ष अशोक त्यागी और एसडीएम विजय शंकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एसडीएम विजय शंकर ने छात्रों को कर्तव्य निष्ठा पूर्वक निभाने की शपथ दिलाई और कोट वितरित किए। फ्रेशर्स पार्टी में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वरिष्ठ छात्रों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज की परंपराओं, अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराया। इस दौरान मिस फ्रेशर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। बीएड (प्रथम वर्ष) की छात्रा दीक्षा ने यह खिताब जीता।

एसडीएम विजय शंकर ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि कड़ी मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक त्यागी ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा गुण है जो हर व्यक्ति को अपने जीवन धारा में लाना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति की एक जीवन शैली जुड़ी है, जो किसी भी क्षेत्र में अपनी उन्नति कर सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता आरिफ खान ने कहा कि नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत करना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विधि की शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी सिखाती है। विधि विभागाध्यक्ष सुनील चौहान ने कहा कि स्टाफ व कॉलेज प्रबंधन हर कदम पर उनके साथ खड़ा रहेगा। अंत में प्रबंधक संजीव कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है।

इस मौके पर एसडीएम विजय शंकर, एलआरएस कॉलेज के डायरेक्टर संजीव अग्रवाल, एड. अशोक त्यागी, एड. दीपक विश्नोई, एड. आरिफ खान, एड. नईम अहमद, शाहिद अली गौहर, सुनील चौहान, अमित राणा, पुनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।


नए साल 2026 की हार्दिक बधाई



हसन अली
भागूवाला, मंडावली
जनपद बिजनौर



नए साल 2026 की हार्दिक बधाई



विपिन सैनी
पंचायत सचिव- भागूवाला
ब्लॉक नजीबाबाद

# साइंस लैब छात्राओं के लिए समर्पित

## सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज में राजा गजंफर अली खान मेमोरियल साइंस लैब का उद्घाटन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज में राजा गजंफर अली खान मेमोरियल साइंस लैब का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मरियम साईम राजा को कॉलेज का आजीवन सदस्य भी बनाया गया। लैब का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि मरियम साईम राजा, पूर्व चेयरमैन अब्दुल जब्बार मकरानी एवं मौहम्मद साईम राजा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

मालूम हो कि यह साइंस लैब मरहूम राजा गजंफर अली खान की 11 वीं बरसी पर उन्हीं की याद में स्थापित की गई है। इस अवसर पर राजा गजंफर अली खान के दामाद व मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि राजा गजंफर अली खान हमेशा लड़कियों की तालीम को लेकर गंभीर और फिक्रमंद रहते थे। उनका सपना था कि किरतपुर की कोई भी लड़की शिक्षा से महरूम न रहे और आधुनिक विज्ञान की पढ़ाई के लिए उन्हें बेहतर संसाधन उपलब्ध हों। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम फंड कमेटी ने राजा गजंफर अली खान की 11 वीं बरसी पर उन्हीं के नाम पर यह साइंस लैब छात्राओं के लिए समर्पित की। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि आने वाले समय में जल्द ही मुस्लिम फंड कमेटी कॉलेज को एक कंप्यूटर लैब भी देने का काम करेगी। जिससे आज के ए.आई. के दौर में छात्राएं फायदा उठाए और अपने मुस्तकबिल को संवारे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरियम साईम राजा ने कहा कि मेरे वालिद राजा गजंफर अली खान के सपने नगर की हर बच्ची हो तालीम याफ्ता को आगे बढ़ाने में मेरे साथ मेरे पति मौहम्मद साईम राजा का बहुत बड़ा सहयोग है। इनके बिना मेरे लिए कुछ भी करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि यह साइंस लैब कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और छात्राओं को विज्ञान विषय को व्यवहारिक रूप से समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने कॉलेज की निरंतर प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में लगातार तरक्की कर रहा है और हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम भी कॉलेज में बराबर का सहयोग दें। हमारी साइंस साइड की छात्राओं को कहीं जाने की जरूरत नहीं वो सर सय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज में आए और प्रैक्टिकल के साथ मजबूत शिक्षा लें।

इस मौके पर इरशाद अहमद अंसारी, साजिद अली खान एवं पूर्व चेयरमैन अब्दुल जब्बार मकरानी, यामीन अहमद अंसारी, मुंशी हसीनुद्दीन, शहाबुद्दीन, शोएब अहमद, वरिष्ठ पत्रकार याकूब मलिक ने भी मुस्लिम फंड कमेटी और सर सय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज की मैनेजमेंट कमेटी की सराहना की और मुबारक. बाद पेश करते हुए कहा कि कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं, योग्य शिक्षकों और प्रबंधन की सकारात्मक सोच के चलते यह संस्थान क्षेत्र की छात्राओं के लिए शिक्षा का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है। भविष्य में भी कॉलेज में छात्राओं की शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए इस तरह के प्रयास जारी रहने चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में राजा गजंफर अली खान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शैक्षिक योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल जब्बार मकरानी ने की व सफल संचालन एडवोकेट हसन अली चौधरी ने किया। अंत में मास्टर मौहम्मद शाहिद ने आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## कैबिनेट मंत्री के सामने रखी समस्याएं

**नजीबाबाद।** कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से जनपद बिजनौर के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर उनके सामने जनपद की समस्याएं रखी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज बोर्ड के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर में बिजनौर जनपद के प्रभारी रणवीर सिंह निराला के नेतृत्व में बिजनौर जनपद के एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर जनपद की तमाम जनहित की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही पार्टी के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण चर्चा कर आगामी 2026 फरवरी में जनपद बिजनौर में होने वाली जनसभा से संबंध में भी वार्ता की। इस मौके पर सुभासपा नेता रणवीर सिंह निराला, जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़, प्रदेश सचिव विवेक नायक, अरूण चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी सहित पार्टी के काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शुऐब अंसारी बने व्यापार के साथ समाज सेवा की मिसाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम अलादीनपुर निवासी शुऐब अंसारी एक सफल व्यापारी होने के साथ-साथ सक्रिय युवा समाजसेवी के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। व्यापार में इमानदारी, पारदर्शिता और मेहनत को आधार मानने वाले शुऐब अंसारी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं।

शुऐब अंसारी ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। चाहे बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा या स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें हों, वे संबंधित अधिकारियों तक ग्रामीणों की आवाज पहुंचाने का काम करते हैं। कई बार व्यक्तिगत स्तर पर भी जरूरतमंदों की मदद कर वे सामाजिक सरोकारों को मजबूती देते हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में शुऐब अंसारी का मानना है कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। वे समय-समय पर युवाओं को नशे से दूर रहने, शिक्षा से जुड़ने और मेहनत के दम पर आगे बढ़ने का संदेश देते रहते हैं। उनके प्रयासों से गांव में आपसी भाईचारा सौहार्द और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा मिला है। व्यापारिक गतिविधियों के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने वाले शुऐब अंसारी गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों की मदद में भी आगे रहते हैं। त्यौहारों पर सहयोग, आपात स्थिति में सहायता और सामाजिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता उनकी कार्यशैली का हिस्सा है। यही कारण है कि ग्राम अलादीनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि शुऐब अंसारी जैसे युवा समाजसेवी आज के दौर में समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश हैं। उनका जीवन यह साबित करता है कि व्यापार और समाज सेवा एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

# बिजनौर में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले में आज भी कड़ाके की ठंड का असर बना रहा। न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते दो सप्ताह से शीतलहर के कारण लगातार तापमान गिर रहा है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया है। हालांकि शहर में कोहरे की तीव्रता कुछ कम हुई है, लेकिन ठंड का प्रकोप कम नहीं हुआ।

घने कोहरे के चलते हाईवे और ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता काफी कम रही। इसका असर वाहनों और ट्रेनों की आवाजाही पर भी पड़ा। सड़कों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। दिन में भी चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। ठंड बढ़ने से लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। अधिकांश बाजारों और प्रमुख चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। रविवार सुबह से सोमवार सुबह तक घना कोहरा छाया रहा, जिससे लोग मजबूरन घरों में ही रहे।

मंगलवार और बुधवार सुबह शहर में कोहरे की तीव्रता कम रही, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का असर ज्यादा महसूस किया गया। सुबह खेतों में जाने वाले किसानों ने बताया कि घने कोहरे और ओस के कारण फसलों पर नमी जम गई है, जिससे खेती के काम प्रभावित हो रहे हैं। नगीना कृषि अनुसंधान केंद्र के अनुसार पिछले चार दिनों में तापमान और आर्द्रता में लगातार उतार-चढ़ाव देखा गया। नगीना स्थित मौसम विज्ञान विभाग के प्रेक्षक सतीश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में भी ठंड और घने कोहरे का असर बना रह सकता है। उन्होंने लोगों को सुबह और रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

## अपना दल एस धर्म की नहीं न्याय की राजनीति करती है : शैलेंद्र

**नजीबाबाद।** कल्हेड़ी में अपना दल (एस) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें न्याय की राजनीति व सामाजिक समरसता पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एड. उपस्थित रहे। बैठक के संयोजक मौहम्मद आसिफ रईस, दिलशाद, बाबर, आरिफ, आकिल, नौशाद एवं इसरार रहे, जिन्होंने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। शैलेन्द्र चौधरी एड. ने कहा कि अपना दल (एस) हिंदू-मुस्लिम धर्म की राजनीति नहीं करता, बल्कि न्याय की राजनीति करता है। बैठक में रमेश चौधरी, सद्दाम मलिक, राजीव राठी, अंश चौधरी, अनुराधा, उपासना कमरजीत कौर, शगुफ्ता, टीकम सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# गन्ना क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण



## आधुनिक खेती के लिए किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पेराई सत्र 2025-26 के सफल संचालन और गन्ना किसानों के हितों की रक्षा हेतु ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने चीनी मिल बिलाई के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्रय केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय कार्यों का सत्यापन करते हुए किसानों को आधुनिक खेती के लिए जागरूक किया गया।

सीकरी और गंधौर क्रय केंद्रों पर कांटों (वेब्रिज) की गहन जांच की गई, जो पूरी तरह मानक के अनुरूप पाए गए। मौके पर उपस्थित किसानों ने समय पर इंडेंट (सट्टा पर्ची) मिलने और पारदर्शी तौल व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण में गन्ने के साथ आलू और सरसों की अंत: फसली खेती के सफल मॉडल देखे गए। हालांकि गंधौर और सीकरी जैसे नदी तटीय क्षेत्रों में किसानों द्वारा गन्ने के स्थान पर केवल सरसों की खेती अपनाने का रुझान भी सामने आया। किसानों ने इसका मुख्य कारण गन्ना भुगतान में देरी और सरसों की कम लागत व कम समय की फसल होना बताया। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने चीनी मिल प्रबंधन को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश दिए ताकि गन्ना क्षेत्रफल को सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही तकनीकी मार्गदर्शन हेतु फसल सुरक्षा हेतु किसानों को लाल सड़न रोग के बचाव के लिए ट्राइकोडर्मा के प्रयोग की विधि समझाई गई। साथ ही आय दोगुनी करने हेतु ट्रेंच प्लांटिंग और ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह जानकारी सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक चांदपुर बिजनौर ने दी।

# चकरोड पर अवैध कब्जा हटाया



## राजस्व विभाग की टीम ने कराया रास्ता बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव बुरहान. नगर उर्फ बनावली में खेत तक जाने वाले चकरोड को अवैध रूप से बंद किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर चकरोड को कब्जामुक्त कराकर दोबारा सुचारु करा दिया।

गांव निवासी संजीव कुमार पुत्र पीतांबर सिंह ने उप जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के पास हाइवे किनारे स्थित उनके खेत तक पहुंचने वाली चकरोड को कुछ लोगों द्वारा जबरन बंद कर दिया गया था। आरोप है कि बीती 10 दिसंबर की रात आरोपितों ने जेसीबी मशीन से खुदाई कर चकरोड को गड्ढा खोदकर अवरुद्ध कर दिया, जिससे खेत तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

पीड़ित का कहना है कि जब उसने इस संबंध में आरोपितों से बातचीत की तो उन्होंने अभद्रता करते हुए मारपीट की धमकी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा के निर्देश पर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

टीम ने चकरोड को कब्जामुक्त कर रास्ते को बहाल कराया। हलका लेखपाल ने बताया कि चकरोड को नियमानुसार खुलवा दिया गया है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न रहे। कार्रवाई के दौरान ग्राम प्रधान जुगनू देवी सहित कई ग्रामीण भी मौजूद रहे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि चकरोड को पहले भी कई बार बंद किया जा चुका है और प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।

# इंजीनियर के घर में चोरी का चार दिन बाद भी खुलासा नहीं



## पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र की इंद्रलोक कॉलोनी में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के बंद मकान से लाखों रुपये की चोरी का चार दिन बाद भी खुलासा नहीं हो सका है। रविवार को हुई इस वारदात में अज्ञात चोर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और बच्चों की चॉकलेट भी चुरा ले गए। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

यह घटना इंद्रलोक कॉलोनी के गेट नंबर चार में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर कामेंद्र सिंह पुत्र कैलाश सिंह के घर हुई। कामेंद्र सिंह मूल रूप से नहटौर के सलारपुर ग्राम के निवासी हैं और हाल ही में सिंगापुर से लौटे थे। रविवार को दूध देने पहुंचे दूधिये ने मकान के मुख्य दरवाजे के ताले टूटे देखे, जिसके बाद उसने तत्काल कामेंद्र सिंह को फोन पर सूचना दी।

चोरों ने घर से लगभग दस हजार रुपये की नकदी और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। इसके अतिरिक्त, वे बच्चों के लिए घर में रखी चॉकलेट भी ले गए। सूचना मिलते ही शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस टीम आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस सर्विलांस और अन्य माध्यमों से भी जांच कर रही है।

चोरी का खुलासा न होने से कॉलोनी के अन्य निवासियों में भी दहशत का माहौल है। मकान मालिक और स्थानीय लोगों ने जल्द घटना के खुलासे की मांग की है। इस संबंध में शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

### बाइक स्टार्ट न होने पर छोड़ भागा चोर

**नगीना।** एक चोर ने घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी करने का प्रयास किया। चोर बाइक का हैंडल लॉक तोड़ने के बाद उसे गली से बाहर ले गया। लेकिन स्टार्ट न होने पर वहीं छोड़कर फरार हो गया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बीती रात एक चोर गली में दाखिल हुआ। उसने बड़े आराम से खड़ी बाइक का हैंडल लॉक पैरों से तोड़ा। लॉक तोड़ने के बाद चोर बाइक को गली से बाहर ले गया और उसे स्टार्ट करने का प्रयास करने लगा। लेकिन बाइक स्टार्ट नहीं हो सकी। इसके बाद चोर बाइक को गली के बाहर ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि चोर किस तरह बाइक का हैंडल लॉक तोड़ता है और उसे लेकर जाता है। बाइक स्टार्ट न होने पर उसे छोड़कर भागते हुए भी चोर कैमरे में कैद हुआ है।

### बांटपुरा में एकजुटता की मिसाल



**चांदपुर।** ग्राम बांटपुरा में आपसी सहयोग और सामाजिक एकता की एक प्रेरणादायक तस्वीर उस समय सामने आई, जब ग्रामीण किसानों ने सामूहिक रूप से सुमित कुमार को सम्मान स्वरूप लगभग 500 कुंतल गन्ना देने की घोषणा की। ग्रामीणों ने बताया कि बीते समय में जब किसान गन्ना क्रय केंद्र को लेकर कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। उस दौरान सुमित कुमार किसानों के साथ लगातार खड़े रहे। गन्ना क्रय केंद्र बदलवाने की मांग को लेकर चले आंदोलन में सुमित ने किसानों का साथ दिया और भूख हड़ताल में भी भाग लिया। सामूहिक संघर्ष के परिणामस्वरूप बिलाई शुगर मिल से जुड़ी समस्याओं से राहत मिली और गन्ना क्रय केंद्र में बदलाव संभव हो सका। इन्हीं प्रयासों और सहयोग की भावना को देखते हुए गांव के किसानों ने सुमित कुमार के प्रति आभार व्यक्त करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से यह तय किया कि गांव का हर किसान 5 कुंतल गन्ना देगा, जिससे कुल मात्रा लगभग 500 कुंतल तक पहुंचती है। हालांकि, इस घोषणा के बाद भावुक मोड़ तब आया जब सुमित कुमार ने ग्रामीणों के इस प्रस्ताव को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करने से इंकार कर दिया।

### आजाद समाज पार्टी की बैठक



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) जनपद में लगातार मजबूत होती जा रही है। इसका कारण युवाओं का सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के विचारों और पार्टी की नीतियों को जानना माना जा रहा है। मौहल्ला कटकुई स्थित अपने निवास पर देर सायं कार्यकर्ताओ से अपनी बात साझा करते हुए मौहम्मद ताहिर ने कहा कि आने वाले जिला पंचायत चुनावों में हमारी पार्टी योग्य और सक्षम उम्मदवारों को उतारेगी, जिन्हें जिताने का कार्य हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जिला पंचायत चुनावों की तैयारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की निष्पक्ष सोच और स्वभाव से हर कोई प्रभावित हुए बगैर नहीं रहा है। बैठक में मौहम्मद चांद, मौहम्मद नासिर मलिक, भूरे भाई, नासिमुद्दीन मनिहार, सरवर उर्फ जोंटी, पप्पू भाई, याहिया मुराद आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मौहम्मद चांद ने की जबकि संचालन नासिर मलिक ने किया।

# गुरु गोविंद सिंह प्रकाशोत्सव पर प्रभातफेरी निकाली

## कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर आज श्री गुरु सिंह सभा की ओर से सिख समाज ने गुरुवाणी गायन के साथ प्रभात फेरी निकाली। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नजीबाबाद के प्रधान नरेन्द्र सिंह वाघवा, मुख्य ग्रंथी मनजेंद्र सिंह के निर्देशन में प्रभात फेरी निकाली। नगर के मौहल्ला मकबरा में विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रभात फेरी गुरदीप सिंह चंदोक के घर पहुंची। प्रभातफेरी का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सरदार मनविंदर सिंह, मनमोहन सिंह, मनजीत सिंह, मंगल सिंह ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रंथी मजेंद्र सिंह ने अरदास कराई। जल-पान ग्रहण करने के बाद प्रभात फेरी शबद-कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर सरदार चरणजीत सिंह, गुरमीत सिंह, बलवीर सिंह, सर्वजीत सिंह, गगनजीत कौर, इंद्रजीत कौर सुखलीन कौर आदि उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने को हुआ फेरबदल



## एसपी ने किए थाना प्रभारियों के तबादले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कई थाना अध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इस बदलाव के तहत तीन प्रमुख थानों के प्रभारियों को बदला गया है।

साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार को अब मंडावली थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, किरतपुर की थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी को उनके पद से हटाकर साइबर क्राइम का प्रभारी बनाया गया है। मंडावली थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह को किरतपुर थाने की कमान सौंपी गई है। यह फेरबदल जिले की पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है।

किरतपुर की प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी के खिलाफ पिछले काफी समय से स्थानीय नेताओं और अन्य लोगों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

इन शिकायतों को भी इस तबा. दले का एक प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

# पोषण व्यवस्था में लापरवाही पर जवाबदेही तय




## डीएम ने ली जिला पोषण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषण मुक्त जनपद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

डीएम ने निर्देश दिए कि चिन्हित कुपोषित बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण गर्म पका भोजन, टेक होम राशन एवं पोषण शिक्षा पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुसार बेबी फ्रेंडली फर्नीचर की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर फर्नीचर उपलब्ध नहीं है या क्षतिग्रस्त है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्रामों में ग्राम चौपालों का आयोजन करें और चौपाल के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को एबीसी जूस (सेब, चुकंदर एवं गाजर) के नियमित सेवन के लाभों की जानकारी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से वजन कराना सुनिश्चित करें, यदि इस महत्वपूर्ण कार्य में गड़बड़ी होना प्रकाश में आता है तो संबंधित सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सेम तथा अन्य कुपोषित बच्चों को शत प्रतिशत रूप से दवाईयों का वितरण तथा पोर्टल पर सेम बच्चों की फीडिंग का अपडेशन भी सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, पोषाहार वितरण की स्थिति, ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग, सैम बच्चों का एनआरसी, वजन मशीन, सहित सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकार रणविजय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी, डीसी-मनरेगा सहित समस्त आईसीडीएस विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# कान्हा गोशाला में होगा गो पुस्तकालय का निर्माण

○ जिलाधिकारी ने गोशाला का लोकार्पण कर दिए निर्देश

○ इंदिरा चौक पर भी अतिक्रमण नहीं होने देने को किया निर्देशित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित गौशाला का लोकार्पण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण में गौ पुस्तकालय का भी निर्माण कराने के निर्देश दिए।

गुन्नौर तहसील के ग्राम बाघऊ के निकट खेरे वाले शिव मंदिर पर स्थित गौशाला का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोवंशों के लिए बने मंगला सदन,धनु सदन, सुरभि सदन एवं नंदी सदन का विस्तार पूर्वक अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बबराला महाबली बर्बरीक की पावन धरा पर एक अनकही गाथा है। उन्होंने कहा कि इस गौशाला को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेंगे। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस गौशाला पर एक गौ पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गौशाला परिसर में पीपल के वृक्ष को रोपित करते हुए कहा कि इस गौशाला को एक बहुत ही भव्य रूप में बनाया गया है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गुन्नौर को गौशाला के आसपास की भूमि की पैमाइश कराने पर कहीं अवैध कब्जा हो तो उसको हटवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात डीएम और एसपी ने इंदिरा चौक बबराला का भ्रमण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इंदिरा चौक चौराहा पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, नगर पंचायत बबराला अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।



सम्भल- कान्हा गोशाला के लोकार्पण पर पौधारोपण करते डीएम।

# चेयरमैन ने पति मुशीर को नामित किया अध्यक्ष प्रतिनिधि

शाह टाइम्स ब्यूरो





**सम्भल।** नगर पालिका क्षेत्र में लागू की गई योजनाएं और विकास कार्यों का असकरूमिक निरीक्षण करने के साथ गुणवत्ता की जांच चैयरपर्सन पति भी कर सकेंगे। चैयरपर्सन ने अपने पति को उनका प्रतिनिधि नामित किया है।

नगर पालिका परिषद की सीमान्तर्गत विभिन्न शासकीय योजनायें चल रही है। जबकि शहर में विकास कार्य भी कराये जा रहे हैं। इन कार्यों की मौके पर गुणवत्ता की जॉच करना भी ज़रूरी होता है लेकिन महिला चैयरमेन होने के कारण आसिया मुशीर हर समय मौके पर पहुंचकर निरीक्षण नहीं कर सकतीं। ऐंसे में उनके पति चौधरी मुशीर खां गाहे-बगाहे विकास कार्यों और योजनाओं की जांच परख के लिए आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचते हैं। जिसे लेकर संवैधानिक सवालिया निशान लगने लगते हैं लेकिन अब इसको दूर करने के लिए चैयरपर्सन आसिया मुशीर ने अपने पति को अपना प्रतिनिधि नामित किया है। क्योंकि कभी भी अपरिहार्य कारणों से भी कार्योका निरीक्षण करने जाना पड़ता है मगर महिला चैयरमेन होने के नाते कभी-कभी स्वास्थ्य अथवा अन्य परेशानियों के कारण जाना सम्भव नहीं हो पाता हैं ऐंसे में चैयरमेन आसिया मुशीर ने जनहित और शासकीय हित में उनकी ओर से एक प्रतिनिधि उक्त कार्यों की देखरेख को नियुक्त करना ज़रूरी समझा। इसीलिए उनके शिक्षित एवं सामाजिक व्यक्तित्व वाले पति चौधरी मुशीर को अपनी ओर से अपना अध्यक्ष प्रतिनिधि नामित किया है।

# आटा चक्की के नाम पर कनैक्शन से चल रहा था वाशिंग प्लांट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मानकों की अंदेखी कर जींस वाशिंग प्लांट का संचालित किया जा रहा था। सूचना पाकर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट के छापे में बाहर जींस सिलाई अंदर वाशिं प्लांट का संचालन किया जाता मिला। नगर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर पहुंचे जे ई ने विद्युत कनैक्शन प्रथक कर दिया।

नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी को मौ. फूलबाग, लालकी, सरायतरीन थाना-हयातनगर में एक वाशिंग प्लांट संचालित रात्रि में संचालित करने की सूचना मिली। नगर मजिस्ट्रेट ने आनन-फानन में जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर इमरान पुत्र अब्दुल हकीम निवासी मौ. फूलबाग, सरायतरीन एवं इनके पुत्र ऐजाज, रेहान एवं फरहान मिले। मौके पर परिसर में बाहर की ओर जींस की सिलाई का कार्य किया जा रहा था जबकि परिसर के अन्दर जाकर निरीक्षण करने पर जींस वाशिंग प्लांट की वाशिंग मशीने, ड्रायर आदि उपकरण मौजूद मिले। इन मशीनों से रात्रि के समय जींस वाशिंग का कार्य किया जा रहा था। मौके पर एक कमरे में ड्रायर के अन्दर लगभग 200 जींस सूखने हेतु रखी पायी गयी। साथ ही मौके पर इसी कमरे में लगभग 1500 जींस भी मिली। प्लांट के स्वामी ने भू-गर्भ जल विभाग से कोई पंजीकरण/अनापत्ति प्रस्तुत नहीं लिया था। न ही जींस वाशिंग प्लांट द्वारा प्रदूषण विभाग से कोई भी स्थापनार्थ/संचालनार्थ सहमति प्राप्त की गयी है। कारखाने में भूमिगत जल का प्रयोग केमिकल मिलाकर वांशिग के कार्य में किया जा रहा है, जिससे जल प्रदूषित हो रहा है। इस दूषित जल को इकाई द्वारा सीधे पाईप के माध्यम से नालियों में प्रवाहित किया जा रहा था। जिससे प्लांट में केमिकल का प्रयोग कर वायु एवं जल प्रदूषण हो रहा था। इसके अलावा प्लांट के सम्बन्ध में कोई भी जी.एस.टी. पंजीरकरण वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये। प्लांट विद्युत लाईन एवं जनरेटर के माध्यम से संचालित पाया गया। मौके पर ही विद्युत विभाग के 'क्षेत्रीय जे.ई. को बुलाया गया तो इनके द्वारा अवगत कराया गया कि इस परिसर में पहले वाशिंग प्लांट संचालित था और पूर्व में इसकी विद्युत लाईन कटवा दी गयी थी। परन्तु कुछ समय पहले एक व्यक्ति फैजान पुत्र अब्दुल हकीम निवासी मौ. लालकी, सरायतरीन द्वारा आटा चक्की लगाने के लिए विभाग को गुमराह करके विद्युत कनेक्शन लिया गया। मौके पर जींस वाशिंग प्लांट अवैध रूप से संचालित पाये जाने के कारण जींस वाशिंग प्लांट का संचालन तत्काल बन्द कराया गया तथा क्षेत्रीय जे.ई., विद्युत विभाग, को निर्देशित किया गया कि वह इस जींस वाशिंग प्लांट के विद्युत कनेक्शन संचालक द्वारा समिति के समक्ष वैध अभिलेख प्रस्तुत करने तक कटवा दी गयी, ताकि जींस प्लांट संचालित न कर सके। मौके पर वाशिंग मशीन को सील मुहर कर बन्द किया गया।



सम्भल- वाशिंग प्लांट का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट।

# नववर्ष के स्वागत के साथ ली रोटेरियन ने शपथ

○अधिष्ठापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुततियों की रही धूम

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नववर्ष के स्वागत के साथ रोटरी क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ समारोह पूर्वक दिलायी गयी। अधिष्ठापन समारोह में पहुंचे रोटरी डिस्ट्रिक्ट गर्वनर ने शपथ ग्रहण करायी।

मुरादाबाद रोड स्थित बैंक्वेट में रोटरी क्लब का समारोह आयोजित किया गया। अधिष्ठान समारोह की शुरूआत रोटरी प्रार्थना और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मंडल अध्यक्ष ने क्लब के नवनियक्त अध्यक्ष डा. प्रशांत वार्ष्णेय को कॉलर पहनाकर अपनी नई टीम के साथ सेवा और समर्पण की शपथ दिलाई। गौरव वार्ष्णेय को नए सदस्य के रूप में पिन देकर शपथ दिलाई। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जमकर सराहना की,और भविष्य के प्रोजेक्ट्स के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होने कहा कि क्लब का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा करना है, और मुझे खुशी है कि यह क्लब शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मुख्य आकर्षण गौरी द्वारा गणेश वंदना और महिलाओं द्वारा राधा रानी के भजन पर सामूहिक नृत्य, तथा अन्य महिलाओं और बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्क्रतिक कार्यक्रमों ने मनमोह लिया। महिलाओं ने पारंपरिक और बॉलीवुड गीतों पर शानदार नृत्य पेश कर समां बांध दिया, वहीं बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सबका दिल जीत लिया। इस मौके पर विभिन्न खेलों गेम्स और संगीत का भी आयोजन किया गया। समयबद्वता का पुरस्कार सुहानी वार्ष्णेय, लकी ड्रा. मनोज वाष्णेय ने और भी कई पुरूस्कार रोटेरियन ने जीते। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन कुमार अग्रवाल, साथ में विशिष्ठ अतिथि रूप में रीजनल कॉआर्डिनेटर भुवनेश वार्ष्णेय, असिस्टेंट गवर्नर राहुल अग्रवाल और डिस्ट्रिक्ट इमेज चेयर राहुल अग्रवाल जी मौजूद रहे जिनका क्लब के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया



सम्भल- रोटरी क्लब के अधिष्ठापन पर नृत्य करती महिलाएं।

## 15 फरवरी तक बढ़ी वक्फ पोर्टल पर सम्पत्ति दर्ज करने की तिथि

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** शासन ने एकीकृत वक्फ प्रबन्धन,सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम के अनुसार उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल पर मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु 15 फरवरी 2026 तक तिथि बढ़ा दी गयी हैं। उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों को दर्ज कराया जा सकता है। उम्मीद पोर्टल पर मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड करने के लिए सुन्नी एवं शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के दो उच्चाधिकारियों को अप्रूवर के रूप में तथा मुख्य कार्यपालक/कार्यपालक अधिकारियों/मास्टर ट्रेनर को चेकर के रूप में नामित किया गया है। गुन्नौर क्षेत्र में कई वक्फ की सम्पत्तियां हैं।

## ब्राहमण शक्ति संघ ने किया शोक व्यक्त

**बबराला।** ब्राह्मण शक्ति संघ ने राकेश कुमार पाठक मझोला वाले के पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार राजघाट पर हुआ। सभी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति को प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में विवेक मिश्रा, कृष्णकांत शर्मा, दिनेश शर्मा, रवि शंकर शर्मा आदि रहे।

# जनवरी नहीं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही नववर्ष मनाना उचित: शर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की गूगल मीट एप पर ऑनलाइन बैठक में चर्चा करते हुए तय किया गया कि नव वर्ष समारोह 1 जनवरी को नहीं बल्कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को धूमधाम से मनाया जाना उचित है।

हिंदू जागृति मंच के सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि 1 जनवरी को अत्यधाक शीत लहर होने के कारण अनेक पशु-पक्षी जंतु सहारा और आसरा ढूंढते ढूंढते काल के गाल में समा जाते हैं। वृद्व जन और अनेक निर्धान परिवार इस कड़कड़ाती सर्दी में भगवान के सहारे जीवन यापन करते हैं। वहीं पर कुछ धनी लोगों द्वारा नव वर्ष कहकर बधाई देना उन कमजोर परिवारों का असहाय प्राणियों का अपमान है उपहास है। जबकि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा में मौसम सुहावना होता है। बसंत श्रृतु का आगमन होता है। ना अधिक सर्दी होती है ना ठंड होती है। उस समय पर नव वर्ष का उत्सव मनाया जाना उचित और उपयुक्त होता है। अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि 1 जनवरी को कोई भी राष्ट्रव्यापी और अंतरराष्ट्रीय स्तर की ऐसी घटना नहीं हुई जिसकी स्मृति में 1 जनवरी को त्यौहार जैसा रूप दिया जा सके परंतु चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को अनेक साहित्यिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक और सामाजिक घटनाएं हुई जिनके कारण नव वर्ष का उत्सव धूमधाम से मनाया जाना हर प्रकार से उपयुक्त है। 1 जनवरी को नववर्ष मनाना पश्चिमी सभ्यता का प्रतीक है तो चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष मनाना भारतीयता और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों को संकल्प दिलाया कि 1 जनवरी को नववर्ष उत्सव के रूप में नहीं मनाएंगे और अपने संपर्क के सभी जनों से 1 जनवरी को उत्सव के रूप में परिवर्तित न करने को कहेंगे। बल्कि जब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा होगी तब पूरी ताकत से तन मन धन के साथ नव वर्ष का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-लोकबंधु राजनारायण के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

## लोकबंधु राजनरायण को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रखर समाजवादी नेता स्वतंत्रता सेनानी लोक बंधु राज नारायण की पुण्यतिथि मनाई गई।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां ने अपने निज कार्यालय पर आयोजित बैठक में समाजवादी राज नारायण जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्वांजलि दी। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष फिरोज खाँ ने कहा कि प्रखर समाजवादी नेता स्वतंत्रता सेनानी लोक बंधु राज नारायण जी ने जुनून के साथ राजनीति करने का काम किया। वह गरीबों के हमेशा हितेषी रहे उन्होंने 1977 के लोक सभा चुनाव में देश की प्रधानमंत्री रही इंदिरा गांधी जी को चुनाव हराने का काम किया। उन्होंने 31 दिसंबर 1986 को अंतिम सांस ली।इस मौके पर रामरहीस यादव जबर सिंह आरिफ खाँ शारूख सलीम गुलाम मुस्तुफा शान अब्बास मोनिस गौरव यादव फैजान अमरपाल नफीस आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- सेवा अधिवद्यर्षता पूर्ण होने पर विदाई देते।

## सेवा अधिवर्षता पूर्ण करने पर दी विदाई

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सेवा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुके पुलिस कर्मियों को सम्मानित कर भावपूर्ण विदाई दी गई।

पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक कुमार ने पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट किए। साथ ही उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लम्बे सेवाकाल, निष्ठा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में सेवा निवृत उ.नि. रमनपाल सिंह (थाना बनियाठेर), उ.नि. अशोक कुमार बाबू (महिला थाना),मु.आ.प्रो. नरेन्द्र कुमार (पुलिस लाइन), मु.आ.प्रो. किरनपाल सिंह, फालवर त्रिलोकचन्द्र जोशी (पुलिस लाइन) के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।



सम्भल। मुख्य बाजार में बैठक करते पउप्र संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी।

## फास्ट फूड से दूर रखने का लिया संकल्प

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल के व्यापारियों की बैठक में बच्चों को फास्ट फूड दूर रखने का संकल्प लिया गया। मुख्य बाज़ार स्थित एक दुकान पर आयोजित बैठक में व्यापारियों ने कहा कि फास्ट फूड का बच्चों के साथ बड़ों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऐसे व्यंजनों का वहिष्कार किये जाना जरूरी है। व्यापारियों ने फास्ट फूड से बच्चों के साथ परिवार के अन्य सदस्यों को भी दूर रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रान्त संगठन मंत्री अनंत अग्रवाल, जिला अध्यक्ष हरिओम गंभीर, सत्य प्रकाश, सरदार क्वीटी, राजेश, दीपक, सूरेन्द्र, प्रिंस रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# महिला शक्ति संगठन ने नृत्य कर दी 2025 को विदाई

○15 जनवरी को खिचड़ी और गर्म कपड़े किए जाएंगे वितरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर महिला शक्ति संगठन की महिलाओं ने कार्यक्रम आयोजित कर नृत्य कर स्वागत किया।

उप नगरी सराय तरीन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने मिलकर 2025 को विदाई दी और 2026 के स्वागत किया। महिलाओं ने मिलकर नृत्य किया और गेम खेलें। कार्यक्रम में नीलिमा वार्ष्णेय ने सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया और उपहार वितरित किए। अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय को उन्होंने एक स्पेशल उपहार दिया। संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने बताया कि 23 जनवरी को संगठन की वर्षगांठ बहुत ही धूमधाम से मनाई जाएगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 जनवरी को मकर संक्रांति की उपलक्ष्य में खिचड़ी और गर्म कपड़े का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में खुशबू , नीलिमा ,कविता, साधना ,अंजना ,कुसुम लता, प्रीति प्रतीक, कल्पना ,संतोष, निशि मधु ,रिचा, पुष्पा देवी, दीप्ति ,शशि, रिचा 2,नीलम, ,ममता, उषा, बृजबाला, विनीता, लक्ष्मी ,मंजू, आदि महिलाएं उपस्थित रही।

## देशभर में 112 नम्बर पर मिलेगी एम्बुलेंस सेवा

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** अब देशभर में आपात स्थिति में 112 हेल्पलाइन नंबर डायल करने पर एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी सराहना की गयी।

भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य इमरजेंसी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ व एकीकृत बनाना है, ताकि जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके। 112 पहले से ही पुलिस, फायर और अन्य आपात सेवाओं के लिए एकीकृत नंबर के रूप में कार्य कर रहा है। अब इसमें एंबुलेंस सेवा के जुड़ने से सड़क दुर्घटना, गंभीर बीमारी या अन्य आपात हालात में लोगों को त्वरित राहत मिलने की उम्मीद है। इस व्यवस्था से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर होगी। इस दौरान जूलियस सीजर, इंदीवर सिंह, राहुल कुमार, हर्षित वार्ष्णेय, उमेश चन्द्र आदि रहे।

# संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देने वाले पहले भारतीय पीएम अटल बिहारी वाजपेयी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। भारतीय जनता पार्टी, एकता विहार स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन का शुभारंभ अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, भीष्म कुमार शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव, राजेश सिंघल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने अटल जी के पद-चिन्हों पर चलने का आहवान किया। चौधरी देवेंद्र सिंह ने शासन की योजनाओं पर चर्चा करते हुए, अटल जी द्वारा चलाई गई योजनाओं को सभी के मधय रखा और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक आदर्शवादीऔर प्रशंसनीय राजनेता थे। डा. अनामिका यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शाखा प्रभारी के रूप में कार्य किया था 1957 में देश की संसद में जनसंघ मे सिर्फ चार सदस्य थे जिसमें एक अटल बिहारी वाजपेई भी थे संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए हिंदी में भाषण देने वाले अटल जी पहले भारतीय राजनीतिक थे। राजेश सिंघल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने इस देश को एक नई दिशा दी उनकी स्मृतियां पर प्रकाश डालने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं वह चार दशकों से भारतीय जनता के सदस्य थे लोकसभा, निचले सदन ,10 बार और दो बार राज्यसभा, ऊपरी सदन में चुने गए उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया अटल बिहारी वाजपेई की सबसे बड़ी उपलब्धियां में उनकी महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाएं हैं जिसे उन्होंने लान्च किया था।



सम्भल- भाजपा कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक करते भाजपा पदाधिकारी।

# दिव्यांगों को किया जाए कम्बलों का वितरण



सम्भल- दिव्यंगो को कम्बलों का वितरण करने की मांग को ज्ञापन देते।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हांड़ मांस को कंपाती सर्दी से बचाव को राष्ट्रीय दिव्यांग महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की है।

उपजिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वर्तमान समय में शीत श्रृतु अत्यधिक प्रभावी हो चुकी है। इस भीषण सर्दी के कारण प्रदेश/जनपद के अनेक दिव्यांग महिला एवं पुरुष, जो अत्यंत गरीब, असहाय एवं कमजोर आर्थिक स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं, गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उनके पास ठंड से बचाव हेतु कंबल एवं अन्य आवश्यक साधन उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दिव्यांगजन समाज का एक अत्यंत संवेदनशील वर्ग हैं, जिन्हें इस मौसम में विशेष सहायता की आवश्यकता होती है। यदि राज्य सरकार द्वारा जिलों एवं तहसीलों के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांगजनों हेतु कंबल वितरण की व्यवस्था कराई जाती है, तो उन्हें सर्दी से राहत मिलेगी एवं उनके जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से प्रदेश के जरूरतमंद दिव्यांग महिला एवं पुरुषों के लिए कंबल वितरण कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान कराने की मांग की है।

# भाजपा की त्रिशक्ति विजय का मंत्र: हरेन्द्र



बबराला- लोहया कांवेंट में भाजपा की बैठक को सम्बोधित करते।

शाह टाइम्स,संवाददातस

**बबराला।** नगर के लोहिया कॉन्वेंट स्कूल में भारतीय जनता पार्टी की गुन्नौर विधानसभा की संगठनात्मक बैठक हुई।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न स्तर की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जा रहा है। शक्ति केंद्र, बूथ तथा मंडल की मजबूत संरचना भाजपा की त्रिशक्ति है और यही त्रिशक्ति निश्चित विजय सुनिश्चित करेगी। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार की प्रत्येक योजना सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। योजनाओं के लाभार्थियों का एक बड़ा वर्ग है। जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि संगठन विस्तार और कार्यकर्ता निर्माण की सतत प्रक्रिया में युवाओ को जिम्मेदारी से ही कार्यकर्ता निर्माण होता है। जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि पदाधिकारियों को बूथ पर पार्टी के प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों को भी सक्रिय करना है और कार्यक्रमों में जिम्मेदारी देना है। इस अवसर पर शिखर गोयल, इन्दीवर सिंह, दानवीर कुशवाह, योगेन्द्र सिंह यादव भुवनेश राघव, उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत करने पर बुरी तरह से पीटा

**बिलारी।** जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत करने के बाद ग्रामीण को बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बकैनिया चांदपुर के रहने वाले विश्राम सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह ने कोतवाली मुकदमा दर्ज कराया की कि वह गांव का पूर्व प्रधान है। उनकी जमीन धनुपुरा तुरखेड़ा में है। जमीन पर कोई भी चकमार्ग नहीं है। जमीन के बराबर में ललित चौधरी, मनित चौधरी निवासी सनाई का खेत है। दोनों ने अवैध रूप से खेत को जोतकर अपने खेत में मिल लिया था। एसडीएम बिलारी से शिकायत की तो कब्जा हटा दिया गया। जिसकी वजह से वह रंजिश रखने लगे। सैफनी की बाजार जाने पर ललित चौधरी, मनित चौधरी के अलावा तीन लोगों ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा। जिससे उनकी नाक की हड्डी आदि टूट गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। आरोपियों से जान माल का खतरा बना हुआ है। डीआईजी को दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# खेत पर जा रही दो सगी बहनों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, परिवार में मचा कोहराम





**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीजना चक बेग. मपुर रेलवे अंडरपास के पास बुधवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। खेत पर जा रही दो सगी बहनें अचानक ट्रेन की चपेट में आ गईं, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण यशपाल की बेटियां कशिश (18 वर्ष) और चुलबुल (15 वर्ष) खेत जाने के लिए रेलवे पटरी पार कर रही थीं। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। ट्रेन को आता देख दोनों बहनों को संभलने का मौका नहीं मिला और वह ट्रेन की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बहनों की मौके पर ही मौत हो गई और उनके शव क्षत-विक्षत हो गए।हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भोजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों मृतक बहनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा है कि दोनों बहनें घर की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाने के लिए खेत जा रही थीं। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव के लोग परिवार को सांत्वना देने में जुटे हैं।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और रेलवे विभाग को भी सूचना दे दी गई है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर रेलवे ट्रैक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नेत्र चिकित्सक डा. उपाध्याय के रिटायर होने पर दी समारोह पूर्वक विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी में अनिल कुमार उपाध्याय वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी के रिटायर होने पर स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों ने समारोह पूर्वक विदाई दी उनके द्वारा दी गई सेवाओं की भरपूर सराहना करते हुए उनके लंबे स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए सभी ने प्रार्थना की उन्हें उपहार दिए। विदाई समारोह में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने उनके बारे में बताया रहलई (आगरा) से शिक्षा प्राप्त कर गाँधी आई हॉस्पिटल अलीगढ़ से प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपकी प्रथम नियुक्ति 29 दिसम्बर 1990 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी में हुई। जुलाई 2011 से जुलाई 2019 तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आसफपुर (बदांयू) में सेवा देने के उपरान्त पुनः जुलाई 2019 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी पर आपने अपनी सेवाएं दीं। विभागीय नीति के अनुसार आज दिनांक 31.12.2025 को अपनी अधिवर्षता आयु 60 वर्ष पूर्ण कर लगभग 36 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हुए हैं। कौशल और मिलनसारिता धैर्य और क्षमाशीलता लगन और कर्मठता का संयोजन आपके व्यक्तित्व की विशेषता रही है। समारोह के मुख्य अतिथि साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह रहे उन्होंने भी उपाध्याय जी को अपनी शुभकामनाएं दीं। समझ में समस्त स्टाफ एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले



**कुंदरकी।** किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में चल रही बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए। सावित्री बाई फुले ने कल्पना चावला की टीम को तीन सेटों में 12-15, 15-8, 15-11 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं, स्मृति मंधाना की टीम ने कल्पना चावला टीम को 15-5, 15-11, 15-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में पुणे एसेस ने चंडीगढ़ टाइगर को बड़े अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में मुंबई रॉकेट ने गुड़गांव बैरियर्स को रोमांचक मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैच के स्कोरिंग चौधरी अमर सिंह ने की, जबकि रेफरी की भूमिका अरकान खान ने निभाई। इंतखाब आलम ने कंट्री की भूमिका निभाई। इस दौरान कॉलेज प्रशासक आरिफ एडवोकेट, अफरोज पाशा, हुस्न ए आलम, मोहम्मद उजैफ और गुलजेब पाशा मौजूद रहे। सोमवार को किसान बैडमिंटन लीग का बालक एवं बालि. का वर्ग का फाइनल मैच खेला जाएगा। सभी प्रतिभागी टीमें अपनी तैयारी में जुटी हुई हैं और फाइनल में जीत के लिए तैयार हैं।

# टीएमयू एरिदमिया के टैलेंट हंट में मेडिकल स्टुडेंट्स का जलवा ही जलवा




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एड रिसर्च सेंटर के स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट-एरिदमिया 2025 के फैशन शो की ब्वायज प्रतियोगिता में एमबीबीएस थर्ड ईयर 2023-24 के मानिक शहरावत-अश्वथामा, जबकि गर्ल्स में एमबीबीएस थर्ड ईयर की वंशिका शर्मा- एथेना विजेता रहीं। टैलेंट एंड हंट प्रतियोगिता में एमबीबीएस बैच 2025-26 के आर्यन लाखर विजेता रहे। ओजी फाइनल ईयर 2024-25 की खुशी जैन- क्वीन ऑफ हार्ट्स और ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की कशिश जैन- हार्ले क्वीन ने शॉ टॉपर का खिताब अपने नाम किया। बेस्ट वॉक का टाइटल ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की तिथि- मां गंगा और नेपो फाइनल ईयर 2022-23 की कृष्णगी-राधा रानी को मिला। इससे पूर्व कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, मुरादाबाद की जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर, मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फैकल्टी ऑफ पैथोलॉजी की एचओडी एवम्एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडी में कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इस मौके पर डायरेक्टर ऑफ फाइनेंस श्री गौरव अग्रवाल, चीफ वॉर्डन श्री विपिन जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कुलाधिपति सुरेश जैन एवम् फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने पैथोलॉजी की एचओडी एवम् एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी को अविस्मरणीय प्रोग्राम के लिए दिल की गहराइयों से बधाई देते हुए कहा, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के भावी डॉक्टर्स के टैलेंट्स की कायल है। मुख्य अतिथि डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने टीएमयू के मेडिकल स्टुडेंट्स को चिकित्सा जगत के प्रति उनके दायित्व, सेवा-भाव एवम् नैतिक जिम्मेदारियों का स्मरण कराया। उन्होंने स्टुडेंट्स को समाज के प्रति समर्पित एवम् संवेदनशील चिकित्सक बनने का संदेश दिया। ब्वायज के फैशन शो में थर्ड ईयर के 2023-24 चिराग सिकरी- अर्जुन द्वितीय, जबकि फर्स्ट ईयर 2025-26 के आर्यन कुमार मिश्रा- वैंपायर तृतीय स्थान पर रहे। गर्ल्स के फैशन शो में ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की धान्या शुक्ला- मां दुर्गा ने दूसरा और नेपो फाइनल ईयर 2022-23 की यूविका सचान- देवी गैया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टैलेंट एंड हंट प्रतियोगिता में बैच 2023-24 के आनन्द खेरा, सक्षम यादव और मनन सिंह दूसरे स्थान पर रहे। बैच 2024-25 की हिमानी गुप्ता और भूमिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**खास बातें**

- कुलाधिपति सुरेश जैन एवम् फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने दिया मंगल आशीर्वाद।
- डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने स्टुडेंट्स को दायित्व, सेवा-भाव का कराया स्मरण।
- टीएमयू एरिदमिया के फैशन शो में मानिक शहरावत और वंशिका शर्मा अव्वल।
- टैलेंट एंड हंट में एमबीबीएस बैच 2025-26 के आर्यन लाखर ने मारी बाजी।
- स्टुडेंट्स खुशी जैन और कशिश जैन ने शॉ टॉपर के खिताब पर किया कब्जा।
- एरिदमिया 2025 में बेस्ट वॉक के टाइटल से नवाजे गए तिथि और कृष्णगी।

## एक नजर

### नववर्ष पर निरंकारी आश्रम में होगा सत्संग का आयोजन

**कांठ (शाह टाइम्स)** संत निरंकारी आश्रम कांठ में नववर्ष पर आज दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे के बीच एक विशाल संत समागम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आने वाले भक्तों के बैठने और लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी होगी। मीडिया प्रभारी अंकित द्वारा बताया गया कि सत्संग का उद्देश्य संपूर्ण जगत में भाईचारे की भावना को जागृत करना है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।

### सिक्ख समाज ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन



**कांठ (शाह टाइम्स)** गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी सिक्ख समाज की ओर से नगर में विशाल नगर कीर्तन धूमधाम के साथ निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह साहब से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ निर्धारित स्थान पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान गतका पार्टी एवम अखाड़ों द्वारा विभिन्न प्रकार के कर्तव करके दिखाए गए। विभिन्न प्रकार की झांकियां नगर कीर्तन में आकर्षण का केंद्र बनी। गुरु ग्रंथ साहिब का रथ और पंच प्यारों का विधि पूर्वक नगर कीर्तन में संचालन श्रद्धा का केंद्र बना। सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस के साथ-साथ बाहर से बुलाई गई पुलिस भी मौजूद रही।

### नए साल के जश्न को लेकर अग्निशमन विभाग पूरी तरह मुस्तैद



**मुरादाबाद।** जनपद में नए साल के जश्न के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने विभाग की तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता किया गया है। खासतौर पर भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।डॉ. पांडेय ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य नए साल के जश्न के दौरान किसी भी संभावित आगजनी की घटना को रोकना है, साथ ही किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इसके लिए फायर ब्रिगेड की टीमों को पहले से अलर्ट पर रखा गया है और सभी आवश्यक संसाधनों को तैयार स्थिति में रखा गया है।सुरक्षा तैयारियों के तहत शहर के छह प्रमुख केंद्रों सिविल लाइंस, कटघर, कोतवाली, पाकबड़ा, मझोला और मूंढापांडे पर फायर ब्रिगेड की विशेष ड्यूटियां लगाई गई हैं। इन स्थानों पर फायर टेंडर, आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा बिलारी, कांठ और ठाकुरद्वारा क्षेत्रों में भी फायर ब्रिगेड की टीमें अलर्ट मोड पर रखी गई हैं, ताकि किसी भी घटना पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सके।उन्होंने बताया कि लगभग 50 अग्निशमन जवानों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है, जो पिकेट और मोबाइल ड्यूटी के माध्यम से लगातार गश्त करेंगे। सीएफओ ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे जश्न के दौरान सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दें।

### लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक हुई आयोजित व्यापारियों के समर्थन में उठाई आवाज

**मुरादाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी कार्यालय पीतल नगरी में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महानगर अध्यक्ष अकरम खान ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा ने की। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव डॉ. अरविंद राठौर रहे।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव डॉ. अरविंद राठौर ने कहा कि मुरादाबाद महानगर में पुराने रोडवेज के पास रेलवे की वर्षों पुरानी दुकानें हैं, जिनमें सैकड़ों व्यापारी अपनी आजीविका चला रहे हैं। इन दुकानों के माध्यम से लगभग 3 से 4 हजार परिवारों का भरण-पोषण होता है। डॉ. राठौर ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (राम. विलास) मुरादाबाद भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करती है कि दुकानों को खाली कराने से पहले व्यापारियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। चाहे उसी स्थान पर या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर उन्हें दुकानें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उनके परिवारों की।आजीविका प्रभावित न हो। पार्टी हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।बैठक में जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा, महानगर अध्यक्ष अकरम खान के अलावा आदिल अब्बासी, नदीम यामीन भाई, सुनील राठौर, विशाल सिंह, शिवम रस्तोगी, आर्यन प्रताप सिंह, रमेश कुमार प्रजापति, ओम रस्तोगी, दानिश सैफी, कविता शर्मा, मोहम्मद असलम, राहत जान सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अटल स्मृति वर्ष सम्मेलन व एसआईआर कार्यशाला आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में महानगर कार्यालय बुद्धि विहार पर अटल स्मृति वर्ष सम्मेलन एवं एसआईआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री क्षेत्रीय प्रभारी एवं एमएलसी सुभाष यदुवंश और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और वंदे मातरम गायन कर किया गया। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और संचालन महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी ने किया। मुख्य अतिथि सुभाष यदुवंश ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी एक प्रखर वक्ता, दूरदर्शी नेता और अच्छे कवि थे। उन्होंने भारत को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया। एसआईआर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बूथ पर त्रिदेव को लेकर कार्य करना है, जिसमें बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी और बीएलए-2 को अपनी टोली के साथ नए वोट बनवाने का कार्य करना है। विशिष्ट अतिथि हरीश ठाकुर ने कहा कि अटल जी एक राजनेता, कवि और पत्रकार थे। उन्होंने राष्ट्र धर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन जैसी पत्रिकाओं का संपादन किया। एसआईआर पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का एक तिहाई कार्य पूर्ण हो चुका है, अब आगे बूथ लिस्ट को चेक करना है। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि अटल जी ओजस्वी वक्ता थे, उनकी कविताओं में राष्ट्र भक्ति झलकती है।

महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि अटल जी का जन्मदिन सुशासन के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने 1992 में पदमभूषण, 1994 में सर्वश्रेष्ठ सांसद एवार्ड और 2015 में भारत रत्न प्राप्त किया। कार्यक्रम में एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी के के मिश्रा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# नववर्ष के जश्न को लेकर पुलिस प्रशासन की खास तैयारी, हुड़दंग करने वाले बाइकर्स पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नव वर्ष के आगमन को लेकर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नव वर्ष की रात शहर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें पूरी तरह मुस्तैद रहेंगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना को रोका जा सके।एसपी सिटी ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में बैरियर लगाकर सघन चे. कंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए चेकिंग करने वाली सभी पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ब्रीफ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्य रूप से ड्रिंकिंग एंड ड्राइविंग पर विशेष नजर रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि नव वर्ष के जश्न के दौरान हुड़दंग करने वाले बाइकर्स पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। यदि कोई भी व्यक्ति बाइक से खतरनाक तरीके से स्टंट या हुड़दंग करता पाया गया, तो उसकी बाइक तत्काल सीज की जाएगी।



उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।एसपी सिटी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नव वर्ष का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाएं, लेकिन ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे दूसरों को परेशानी हो। अनुशासन और शांति बनाए रखते हुए सुरक्षित माहौल में नए साल का स्वागत करें।

# लोकबंधु राजनरायन की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय में लोकबंधु राजनरायन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर समाजवादी आंदोलन में उनके योगदान पर चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा कि राजनरायन जहाँ अन्याय होता देखते थे विरोध में खड़े हो जाते थे।डाकटर राम मनोहर लोहिया के नेतृत्व में समाजवादी आंदोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और आजादी के आंदोलन में भी सक्रिय भागीदारी की।इस अवसर पर सभी को उनके विचारों से प्रेरित होकर कार्य करने के लिये कहा।इस अवसर पर मो शमशाद, अकरम अंसारी,लईक अहमद, मुशरफ खाँ,मुहम्मद आलम, नाजिर अंसारी,शुबहान अंसारी,राशिद भाई, मसरूर हसन,कमरूजमा सैफी, दाउद अंसारी,मो.अजीम,अहमद मुरादाबादी, नोमान पाशा,नसीम पाशा, फहीम मंसूरी वसीम अकरम हाजी शाहिद गामा सलमान अंसारी फरमान अर्श अंसारी , राशिद अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।अध्यक्षता इकघ्बाल हुसैन अंसारी (महानगर अध्यक्ष), संचालन महानगर महा सचिव गजेंद्र सिंह यादव ने किया।

# बुद्धि विहार इलाके में कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत, साथी हुआ गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धिविहार स्थित एलआईसी कार्यालय के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने सामने से स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चला रहे ललित चंद्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि स्कूटी पर पीछे बैठे उनके साथी को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद कार सवार लोग वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित चंद्रा स्कूटी से अपने साथी के साथ कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार ने अचानक संतुलन खो दिया और स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ललित चंद्रा सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटों के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं पीछे बैठे युवक को गंभीर अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना मझोला पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।

पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने घटनास्थल पर छोड़ी गई कार को कब्जे में ले लिया है और फरार कार सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# करूला इलाके में नाले में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के करूला इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब थाना कटघर क्षेत्र अंतर्गत दस सराय चौकी इलाके में एक नाले में युवक का शव पड़ा हुआ मिला। सुबह के समय स्थानीय लोगों ने नाले में शव देखा, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया।मृतक युवक की उम्र लगभग 21 से 22 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक का तीन से चार दिन पहले अपने परिवार के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि घटना के समय मृतक के परिजन घर से बाहर गए हुए थे, जिस कारण फिलहाल उनकी ओर से कोई तहरीर नहीं दी जा सकी है। पुलिस परिजनों के लौटने का इंतजार कर रही है ताकि मामले से जुड़ी अहम जानकारी मिल सके।पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल करते हुए आसपास के



लोगों से पूछताछ की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस किसी भी पहलू को नजरअंदाज नहीं कर रही है। प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक की मौत हादसे में हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि युवक का शव नाले में मिला है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि परि. जनों के आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एक जनवरी से बदलेगा बिजली कटौती व जलापूर्ति का समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** अप विद्युत खंड अधिकारी ने जानकारी दी है कि 1 जनवरी 2026 से ठाकुरद्वारा टाउन में विद्युत कटौती (रोस्टिंग) के समय में बदलाव किया जा रहा है। नए रोस्टर के अनुसार सुबह 8.00 बजे से 9.30 बजे तक तथा दोपहर 12.45 बजे से 1.45 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा द्वारा नगरवासियों को सूचित किया गया है कि जलापूर्ति का समय भी निर्धारित किया गया है। नगर में प्रातः सुबह 6. 00 बजे से 6.45 बजे तक तथा दोपहर 2.00 बजे से 2.45 बजे तक पानी की सप्लाई की जाएगी। बिजली विभाग और नगर पालिका प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए अपने दैनिक कार्यों की योजना बनाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# छेड़छाड़ और मारपीट से आहत युवक ने जहर खाकर दी जान, महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम लालापुर पीपलसाना में दबंगों की प्रताड़ना से आहत एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर समय रहते कार्रवाई न करने का गंभीर आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के गांव लालापुर पीपलसाना निवासी उमराव सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गांव के ही धर्मपाल पुत्र परवीन, मोहित पुत्र धर्मपाल, नन्हों पत्नी धर्मपाल व डोली पुत्री धर्मपाल दबंग व बाहुबली किस्म के लोग हैं। आरोप है कि 3 दिसंबर 2025 की शाम करीब पांच बजे जब रवि खेत से घर लौट रहा था, तभी उक्त सभी आरोपियों ने उसे घेर लिया। गाली-गलौज करते हुए उसे घर के बाहर खंभे से बांध दिया और लाठी-डंडों व जूते-चप्पलों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह लहूलुहान होकर अधमरा हो गया। आरोप है कि इस दौरान मोहित ने तमंचा निकालकर रवि पर फायर भी किया, हालांकि वह बाल-बाल बच गया। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों का कहना है कि बाद में भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित रवि ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद को भी शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा था लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इससे आरोपियों के हौसले और बुलंद हो गए और वे रवि पर समझौते का दबाव बनाने लगे। समझौता न करने पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरा. ेप भी लगाए गए हैं। परिजनों के मुता. बिक, 15 दिसंबर 2025 की शाम करीब छह बजे रवि ने शराब में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया। हालत बिगड़ने पर 112 नंबर पुलिस की मदद से उसे सरकारी अस्पताल ठाकुरद्वारा ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति में मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद के सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान रात करीब साढ़े ग्यारह बजे रवि की मौत हो गई। रवि की मौत से परिवार में को. हराम मचा हुआ है। परिजन गहरे सदमे में हैं और मंगलवार को दाह संस्कार किया गया। अब परिजनों ने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई व गिरफ्तारी की मांग करते हुए कोतवाली व अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया । पुलिस ने महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमादर्ज कर जाँच शुरूअ कर दी।

# धारदार हथियार से हमले के मामले में वांछित आरोपी व बाल अपचारी गिरफ्तार

**चन्दौसी।** कोतवाली पुलिस ने मु0अ0सं0 564/2025 धारा 109(1)/351(3) बीएनएस में वांछित मनोज कुमार पुत्र रामलाल निवासी विकास नगर, चन्दौसी (मूल निवासी खुशहालपुर करियामई, जिला बदायूं) तथा एक बाल अपचारी उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी मौज्जमपुर मौलागढ़, थाना चन्दौसी, जनपद संभल को संभल तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि 29 दिसंबर 2025 को शेषअवतार सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी विष्णु बिहार कॉलोनी, चन्दौसी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने उनके पुत्र पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# तेंदुए को वन विभाग की टीम ने किया पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली में पिछले काफी समय से दहशत का कारण बने तेंदुए को वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ कर पिंजरे में कैद कर लिया । जिससे वन विभाग में क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। बीते 1 महीने से जंगल में तेंदुए की मौजूदगी से गांव में दहशत का माहौल बना था तेंदुए की दहशत के चलते क्षेत्र के किसानों ने जंगल की ओर भी जाना बंद कर दिया था। पिछले एक महिने से इलाके में घूम रहा तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। बुधवार को तेंदुआ पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

लगातार मवेशियों को अपना निशाना बना रहा था जिससे ग्रामीण काफी परेशान हो गए थे। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने इलाके में डेरा डालते हुए तीन दिनों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत और रणनीति के बाद तेंदुए को सुरक्षित पिंजरे में कैद कर लिया गया। रेस्क्यू के दौरान ग्राम वासियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। वन विभाग के वन दरोगा पीयूष जोशी ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए को अधिकारियों के निर्देश पर किसी सुरक्षित वन क्षेत्र में छोडा जाएगा। बन विभाग की टीम बीते चार दिनों से तेंदुए की लोकेशन ट्रेस कर पकडा गया है टीम में बंदरों का एम पी सिंह, संजय, सहित आधा दर्जन विभाग के कर्मचारी लगे थे।



**ठाकुरद्वारा। क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली में बन विभाग द्वारा पकड़ा गया तेंदुआ पिंजरे में कैद।**

# पांच दिवसीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में पांच दिवसीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम संपन्न है। कार्यक्रम के दौरान 35 युवा प्रतिभागियों की मेजबानी कर रहा है जो बनारस से प्रतिभा करने के लिए मुरादाबाद का प्रवास कर रहे हैं आज कार्यक्रम समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुई प्रवास पर आए युवा प्रतिभागियों को पांचवें दिन प्राप्त है मेरा युवा भारत विभाग इसकी गतिविधियों एवं मां भारत पोर्टल की जानकारी दी गई । कार्यक्रम के बारे में उपनिषक अंकित कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष के अलावा डॉक्टर दीपक मेहंदी रता र मोहम्मद जब्बार भी कार्यक्रम में शामिल थे कार्यक्रम में युवाओं को




माय भारत का स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं प्रतिभागियों के साथ आए दोनों अनुरक्षण डॉक्टर नंदकिशोर जय प्रकाश को स्मृति चिन्ह व सोल से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के समापन अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य मास्टर ट्रेनर सौरभ सिंह ने बताया कि इस दौरान युवाओं को यात्रा से सीखे हमारे एक विशेष पहल के द्वारा प्रवास बेहद रोचक बनाया गया सौरभ सिंह ने बताया कि हमने युवाओं का कक्षा में समय बिताने की बजाय मुरादाबाद के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करवाने एवं हर एक वाटिका एवं स्थल पर व्यावहारिक ज्ञान दिलाने की उद्देश्य से यात्रा से सीखे पहला चला रहे थे हमारे युवाओं में इस पहल को लेकर बेहद उत्साह देखा गया प्रवासी युवाओं को इस व्यावहारिक कक्षा से अधिक ज्ञान लाभ हुआ कार्यक्रम में चंद्र सिंह विकास कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार में विशेष भूमिका निभाई।

# पति-पत्नी विवाद निस्तारण को लेकर पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक



**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी, चन्दौसी में परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। बैठक के दौरान कुल 17 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 08 पत्रावलियों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इनमें 04 परिवारों को आपसी सहमति से पुनः मिलाया गया। वहीं 04 पत्रावलियों में आवेदक द्वारा बल न देने अथवा प्रकरण माननीय न्यायालय में विच. ाराधीन होने के कारण उन्हें बंद किए जाने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सब-इंस्पेक्टर महेश गंगवार, पीसी सुधारानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एक्टिव प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली गोपनीयता की शपथ

**ठाकुरद्वारा।** एक्टिव प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को समारोह पूर्वक एक्टिव प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष , खंड विकास अधिकारी और कोतवाली प्रभारी व चुनाव अधिकारी ने सामूहिक रूप से शपथ दिलायी। बुधवार को ब्लाक सभागार में नवनिर्वाचित एक्टिव प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एक्टिव प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल शर्मा , उपाध्यक्ष बसीम अब्बासी, महासचिव यामीन विकट, कोषाध्यक्ष अंसार मंयूर, को एक्टिव प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश चौधरी ,खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ,पूर्व अध्यक्ष नईम खान राजा, चुनाव अधिकारी दिपेश शर्मा ने सामूहिक रूप से गोपनीयता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि वह हमेशा हर पत्रकार के साथ दु:ख सुख में साथ है। इसी प्रकार से पत्रकारों को उत्पीड़न बर्दास्त नही किया जाएगा। पत्रकारों के लिए हर संभव प्रयास करेगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी ने कहा कि देश को







आजाद कराने में पत्रकारों की अहमभूमिका रही है। पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है। पत्रकार अपनी लेखनी से ही देश की अवाम को विकासित करने के लिए एक नई दिशा दिखाते है। कार्यक्रम में एसएसआई बिजेंद्र सिंह, युवा कल्याण क्षेत्राधिकारी नवीन चौहान, बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष मोइददीन , पीयूष चौहान, डॉ0 आफताब हासमी, प्रशांत चौहान, मोहम्मद जफर, अतीक अहमद उर्फ बिटटू, मिर्जा गालिब, अनुज विश्नोई, आकाश विश्नोई, इस्लाम सलमानी, लोकेश कुमार, जावेद अली, डॉ हरिओम, संतोष मीणा,आदि शामिल रहे।

# आज से शुरू होगा सीआईसी कप का टूर्नामेंट

**चन्दौसी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चन्दौसी इंटर कॉलेज, चन्दौसी के मैदान पर आज 01 जनवरी 2026 से 'सीआईसी कप' अन्तर विद्यालयी क्रिकेट चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में नगर एवं आसपास के विभिन्न इंटर कॉलेजों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। इस वर्ष प्रतियोगिता में चन्दौसी इंटर कॉलेज, एफ.आर. इंटर कॉलेज, राजेश सरस्वती इंटर कॉलेज, जगदीश सरन सर्राफ इंटर कॉलेज, सिल्वर स्टोन इंटर कॉलेज, सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज, ग्लोबल हेरिटेज इंटर कॉलेज चन्दौसी तथा सरदारसिंह इंटर कॉलेज नरौली की टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 04 जनवरी 2026, दिन रविवार को खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम को 'सीआईसी कप' से सम्मानित किया जाएगा।


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा **ई टेंडर संख्या:** M-15-CAMC-HRE-MB-RAC-15 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके **बंद होने की तिथि व समय:** 21.01.2026 को 15:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं. | M-15-CAMC-HRE-MB-RAC-15 |
| कार्य का नाम | "Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of HRE/MFD at ART/MB and ART/RAC of Moradabad Division for three years" with OEM or their authorized agent on Single Tender Basis. | | |
| निविदा टाइप | एकल | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनॉक एवं समय | | 21.01.2026, 15:00 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | 34,75,689.81/- रुपये | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

**सं.: M-15-CAMC-HRE-MB/RAC-25 दिनांक: 31.12.2025** **4040/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सड़क किनारे हुए गडढों से हादसे का खतरा

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** न्याय पंचायत बेरनी के निकट चन्दौसी-रीठ गुरसरी मार्ग पर रोड किनारे बने बड़े बड़े गड्ढों से रोड पर गुजर रहे वाहनों को हादसे होने का खतरा बना है और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व निर्माण कार्यदायी संस्था भी अनजान हैं।

बिचौटा चौराहे से बेरनी-रतनपुर कोकावास नबादा होकर चन्दौसी जाने वाले रोड पर गैस एजेंसी के निकट रोड किनारे गड्ढे बने हैं जिनसे रात के समय या कोहरे में आते जाते या वाहन को बचाते समय हादसा होने का खतरा बना रहता है। चन्दौसी से बेरनी रतनपुर होते हुए रीठ गुरसरी तक बाईस किलोमीटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। परन्तु सड़क के किनारे बने गड्ढे दूर से दिखाई नहीं देते हैं और कार्यदायी संस्था ने भी इन गड्ढों पर ध्यान नहीं दिया है। जिससे रोड पर वाहन चालकों के साथ हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

# नलकूप की लाइन विद्युत लाइन से जोड़ने की शिकायत पर अधीक्षण अभियंता से जवाब तलब

**ठाकुरद्वारा।** गांव निर्मलपुर में गांव की विद्युत लाइन से दो प्रभावशाली ग्रामीणों की नलकूप की लाइन को जोड़ दिया है। इसे नियम विरुद्ध बताते हुए ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन दिया। जिस पर डीएम ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ग्रामीण को पत्र जारी कर उनसे इस संबंध में जवाब मांगा है। वहीं उन्हें एक सप्ताह के भीतर गांव की विद्युत लाइन से नलकूप की लाइन को हटाने के आदेश दिए हैं। गांव के वेद प्रकाश सिंह, प्रदीप कुमार, लवकुश कुमार, ताराचंद आदि ने 28 दिसंबर को डीएम को ज्ञापन दिया था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि गांव के दो प्रभावशाली लोगों की विद्युत लाइन की नलकूप की लाइन को विद्युत विभाग ने गांव की विद्युत लाइन से जोड़ रखा है। नलकूप की है। यह लाइन गांव के बीच से जाती है आबादी के बीच इस लाइन के तार टूटे रहते हैं जिससे गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने स्थानीय विद्युत कर्मचारियों से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन के आदेश के अंतर्गत हर जगह नलकूप की अलग विद्युत लाइन है। नलकूप की विद्युत लाइन को आठ घंटे विद्युत आपूर्ति की जाती है जबकि ग्रामीण गांव की विद्युत लाइन को 20 घंटे विद्युत आपूर्ति होती है। इसका फायदा उठाने के लिए उन्होंने गांव की विद्युत लाइन से नलकूप की लाइन जोड़ रखी है। जो नियम विरुद्ध है।

# स्वच्छ एवं मनोरम विद्यालय घोषित सात विद्यालयों को मिला सम्मान

**ठाकुरद्वारा।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के निर्धारित 10 बिन्दुओं पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ठाकुरद्वारा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यायल लालपुर गौसाई सहित सात विद्यालयों को स्वच्छ एवं मनोरम विद्यालय घोषित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत न्याय पंचायत नन्हूवाला उच्च प्राथमिक विद्यालय, पीलकपुर गुमानी (प्रधानाध्यापक ) न्याय पंचायत कमालपुरी खालसा प्राथमिक विद्यालय, वोवदवाला पूर्वी (प्रधानाध्यापक ), न्याय पंचायत रतुपुरा प्राथमिक विद्यालय, लालपुर गोसाई (प्रधानाध्यापक तबस्सुम जहां) ,न्याय पंचायत भायपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय, शरीफनगर (प्रधानाध्यापक) न्याय पंचायत बहादुरनगर पी0एम0 श्री विद्यालय, प्रथम लालपुर पीपलसाना (प्रधानाध्यापक), न्याय पंचायत सुरजननगर प्राथमिक विद्यालय, मुनीमपुर (प्रधानाध्यापक) द्वारा स्वच्छ एवं आकर्षक शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बतादें कि विभाग द्वारा स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, कचरा प्रबंधन, हरित आवरण, रंगाई-पुताई, शैक्षिक परिवेश सहित विभिन्न मानकों पर इन विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया। इन विद्यालयों ने स्वच्छ एवं आकर्षक शैक्षिक वातावरण बनाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस उपलब्धि से विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय समुदाय को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। यह सम्मान अन्य विद्यालयों के लिए भी एक मिसाल कायम करेगा ताकि वे अपने परिसर को और अधिक स्वच्छ तथा शिक्षा के अनुकूल बना सकें।

# प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर चली बाप-बेटे मे गोली, गांव मे फैली दहशत

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के एक गांव मे प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर बाप - बेटे के बीच गोली चलने के बाद गांव मे हड़कंप मच गया,हालांकि इस दौरान गनीमत रही कि इस दौरान कोई भी घायल नही हुआ,और परिवार के अन्य सदस्यों ने बाप बेटे को काबू में कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक डिलारी - कानपुर मार्ग स्थित एक गांव मे भट्टा स्वामी पिता व उसके पुत्र के बीच पिछले कुछ समय प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था,जो बुधवार को कहासुनी मे बदल गई,सूत्रों की मानें तो कहासुनी के बाद दोनों बाप बेटे ने एक दूसरे के ऊपर हथियार तान दिए और फायरिंग शुरू कर दी, मौके पर मौजूद परिवार के अन्य सदस्यों ने दोनों बाप - बेटे को काबू किया, वहीं मामले को लेकर स्थानीय पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है लेकिन कोई शिकायती पत्र प्राप्त नही हुआ,मामले की जानकारी जुटाकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# छुट्टा पशुओं के साथ क्रूरता न करें, उन्हें सरकारी गौशाला पहुंचाए

**मूंढापांडे।** बुधवार को बीईओ राजेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि फसलो में नुकसान पहुंचाने वाले छुट्टा पशुओं के साथ क्रूरता न करें उन्हें गौशाला पहुचाने में मदद करें , राजेश कुमार बीआरसी मूंढापांडे में आयोजित विविध जागरूकता शि. विर में कहा कि पशुओं पर दया करनी चाहिए। लोगों को जागरूक रहना चाहिए, इसमें पी एल वी मुकदराम, रामपाल सिंह, चंद्रशेखर चौहान, शोभित शर्मा, खेमपाल सिंह, आशीष कुमार, हरज्ञान सिंह, सतेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**अहिल्याबाई होल्कर कॉलेज ऑफ सांइस एण्ड टेक्नोलॉजी**
अस्लेमपुर, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) उ0प्र0

**आवश्यकता है**

अहिल्याबाई होल्कर कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, अस्लेमपुर, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद में निम्नलिखित प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की
**प्राचार्य हेतु- 01 पद**
**बी0 ए0 कक्षा हेतु।**
हिन्दी अंगेजी, भूगोल, समाज शास्त्र, राजनीति शास्त्र, ग्रह विज्ञान, उर्दू विषयों हेतु एक-एक पद।
**बी0 एस0 सी0 कक्षा हेतु**
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषयों हेतु 2-2 पद।
**वाणिज्य कक्षा हेतु 03 पद।**

**सम्पर्क सूत्र- 6395453694, 8449839090**



## कार्यालय ग्राम पंचायत रामूवाला गनेश
## विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 31.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रामूवाला गनेश में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 21.01.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से कशमीर सिंह के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट अव्वल, रोड़ा, रेत मोटा, लोकल रेत, 80 एमएम सीसी टाईल्स, सीमेंट, आदि। | 3.31 लाख | 6620 | 500 | 1 माह |
| 2 | गुरूद्वारा से जसवंत सिंह के घर तक सीसी टाईल्स/नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, ईंट अव्वल, ईंट रोड़ा, लोकल रेत, 80 एमएम, सीसी टाईल्स रेत मोटा आदि। | 1.50 लाख | 3000 | 500 | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रामूवाला गनेश**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# तेज रफ्तार टाटा सफारी गाड़ी ने दो लोगों को मारी टक्कर, गाड़ी पलटी, दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जनपद के गलशहीद थाना क्षेत्र अंतर्गत सीधी सराय इलाके में तेज रफ्तार टाटा सफारी गाड़ी ने दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सफारी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना में दोनों पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि टाटा सफारी की टक्कर से दोनों लोगों के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।



स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है।हादसे की सूचना मिलते ही गलशहीद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टाटा सफारी को अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार टाटा सफारी गाड़ी का मालिक मुगलपुरा इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने गाड़ी स्वामी को थाने बुलवाकर पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस घायलों की ओर से शिकायत प्राप्त करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। तहरीर मिलने के बाद मामले में आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और अन्य साक्ष्य जुटा रही है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने घटना की जानक.ारी देते हुए बताया कि सीधी सराय इलाके में तेज रफ्तार टाटा सफारी की टक्कर से दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि घायलों की शिकायत मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## ह्यूमन राइट डिफेंडर के प्रयासों से महिला मजदूर को मिली मजदूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** ईंट भट्टे पर काम करने के दौरान महिला मजदूर की पूरी मजदूरी ठेकेदार ने मार ली। इसके बाद परेशान महिला ने कई बार मजदूरी के लिए गुहार लगाई मगर मजदूरी नहीं मिल पाई। जिस पर ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार प्रेम ने मामले में कानूनी कार्यवाही करवाई। जिसके बाद महिला को पूरी मजदूरी वापस मिली तो महिला खुश नजर आई। बिलारी के गांव पालनपुर निवासी पूजा नाम की महिला ने बिजनौर जिले के धामपुर तहसील में सूरज नगला गांव में वसीम भट्टे पर ईंट पाथने का काम किया। मुड़िया राजा गांव के ठेकेदार राधेश्याम पुत्र रघुवर के नेतृत्व में काम शुरू किया, लेकिन ठेकेदार ने 8 महीने बीतने के बाद भी मजदूरी के पैसे नहीं दिए और धमकी दी। जिसके बाद नागरिक एकता परिषद के ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार प्रेम ने कानूनी सहायता ली। इसके बाद पुलिस के जरिए मिशन शक्ति के तहत शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने ठेकेदार राधेश्याम को नोटिस देकर कोतवाली बुला लिया और पूरा भुगतान कर दिया। मजदूरी का पैसा 4 साल बाद मिला तो आंखों में आंसू जलक आए। इसको लेकर प्रेम कुमार प्रेम का धन्यवाद दिया।

# नगर में महिलाओं के लिए विशेष अस्थायी रैन बसेरे का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद बिलारी द्वारा कोतवाली के समीप महिलाओं के लिए एक विशेष अस्थायी रैन बसेरे का निर्माण कराया गया, जिसका शुभारंभ उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा यह रैन बसेरा स्थापित किया गया है, जिससे सर्दी के मौसम में महिलाओं को अस्थायी रूप से सुरक्षित ठहराव की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। नगर पालिका परिषद बिलारी के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रैन बसेरा महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत कोतवाली के निकट बनाया गया है। यह एक टेम्परारी स्ट्रक्चर है, जिसे आवश्यकता अनुसार लगाया या हटाया जा सकता है। रैन बसेरे में कुल पांच बेड की व्यवस्था की गई है, साथ ही गर्म एवं ठंडे पानी की समुचित सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त रैन बसेरे के पास ही शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सभासद देवेश शर्मा, सुमित गुप्ता, निहाल सिंह लाठर, सभासद पति मोहम्मद अली, सभासद गिरीश बाबू, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, अभिषेक जैन, सामाजिक कार्यकर्ता नोमान जमाल, चिराग अग्रवाल सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




## सावधान! ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग पर लटक रही मौत की डाली कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



शाह टाइम्स संवाददाता

**सुरजननगर।** ठाकुरद्वारा- सुरजन नगर मुख्य मार्ग पर एक विशाल पेड़ की टूटी हुई टहनी सड़क पर लटक रही है। यह मार्ग राहगीरों और वाहनों के लिए इन दिनों खतरे का सबब बना हुआ है। व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां चौबीसों घंटे आवाजाही रहती है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह टहनी काफी समय से इसी स्थिति में लटकी हुई है। दिन के उजाले में तो वाहन चालक इसे देख लेते हैं, लेकिन रात के समय या कोहरे के दौरान यह जानलेवा साबित हो सकती है। विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों और ऊंचे मालवाहक वाहनों के लिए यह एक बड़ा खतरा है। हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से संबंधित विभागों के कर्मचारियों का भी आना-जाना लगा रहता है, लेकिन अभी तक किसी ने इसे हटवाने की जहमत नहीं उठाई है। राहगीरों ने लोक निर्माण विभाग (PWD) और वन विभाग से जनहित में इस लटकती टहनी को तत्काल प्रभाव से कटवाने की मांग की है, ताकि किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान से बचा जा सके।

# सवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की खुली हत्या हो रही है : जयवीर यादव

**मुरादाबाद।** लोकबंधु राज नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके विचारों और संघर्ष को याद करते हुए वर्तमान राजनीतिक हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की। सभा में कहा गया कि डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों को राजनारायण ने केवल वैचारिक रूप से नहीं अपनाया, बल्कि उन्हें अपने जीवन और राजनीतिक संघर्ष के माध्यम से मूर्त रूप प्रदान किया।वक्ताओं ने कहा कि आज देश में सांप्रदायिकता, अराजकता, असमानता, आतंक और भय का माहौल लगातार गहराता जा रहा है।




ऐसे समय में समता और समानता पर आधारित समाज व्यवस्था के निर्माण के लिए राजनारायण के विचारों को आधार बनाकर नए सिरे से संघर्ष की जमीन तैयार करने की आवश्यकता है।सभा को संबोधित करते हुए समा. जवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया ने राजनारायण के बारे में कहा था कि "जब तक राजनारायण जीवित हैं, लोकतंत्र को कोई खतरा नहीं है।" आज स्थिति यह है कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है और लोकतांत्रिक मूल्यों की खुली हत्या हो रही है। ऐसे दौर में लोकबंधु राजनारायण के चरित्र, साहस और विचारों को फिर से जीवित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में दो तरह की राजनीतिक सोच का टकराव दिखाई दे रहा हैख्रएक ओर सत्ता और व्यवस्था का दुरुपयोग कर चंद लोगों के हित साधने वाली ताकतें हैं, तो दूसरी ओर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली ताकतें।जिला महासचिव फुरकान अली ने लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव के पक्षधर लोगों से एकजुट होकर "जेल, वोट और फावड़ा" यानी संघर्ष, चुनाव और रचना के मोर्चे पर संगठित प्रयास शुरू करने की अपील की। सभा में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजवादी विचारधारा से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में छात्रों ने रंगोली व फेस पेंटिंग से किया नववर्ष 2026 का उल्लासपूर्ण स्वागत




**मुरादाबाद।** चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में नववर्ष 2026 के आगमन को बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में छात्रों द्वारा रंगोली एवं फेस पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण रंगों, रचनात्मकता और खुशियों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में छात्रों की कलात्मक प्रतिभा देखते ही बन रही थी।कार्यक्रम का आयोजन एवं निर्देशन डॉ. नवनीत गोस्वामी के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों ने रंगोली और फेस पेंटिंग के माध्यम से नववर्ष, एकता, शांति, सौहार्द और सकारात्मक सोच जैसे संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों में उकेरे गए आकर्षक चित्रों और कलात्मक फेस पेंटिंग ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।इस अवसर पर ध्रुव यादव, प्रिंस, युवराज कौशिक, शिवांग सिंह, भारत यादव, हेमन्त सैनी, तुषार यादव, आजाद सैनी, वंश एवं रुद्राक्ष चक्रवर्ती सहित अनेक छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी कला के माध्यम से नववर्ष के स्वागत को विशेष बना दिया।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने छात्रों की सृजनात्मकता और मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में कला के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और टीमवर्क की भावना को विकसित करते हैं।नववर्ष 2026 के स्वागत के लिए आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि प्रेरणादायक भी साबित हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से पूरे कॉलेज परिसर में उमंग, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ, जिससे नववर्ष की शुरुआत यादगार बन गई।

### ठाकुरद्वारा की घटना को लेकर गुस्साए अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**बिलारी।** ठाकुरद्वारा में अधिवक्ता पर किए गए हमले को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुस्सा व्यक्त किया। वहीं नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां प्रदर्शन करके मामले को लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया। जिसमें अधिवक्ताओं को सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग उठाई गई। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह एडवोकेट व सचिव सुनील कुमार सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में भारी तादाद में अधिवक्ता एसडीएम बिलारी से मिले।

जहां उन्होंने कहा कि बिलारी तहसील परिसर में वादकारियों व अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एक सब इंस्पेक्टर व दो सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने पूर्व में बैठक करके ठाकुरद्वारा में अधिवक्ताओं पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनय कुमार सिंह,सचिव सुनील कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष भगवान सरन माथुर, आफाक हुसैन, परमजीत सिंह, जबर सिंह, उस्मान अली, सुमित कुमार, केपी सिंह, ताहिर हुसैन, इंतखाब हुसैन, यशवंत सैनी, विक्रांत कुमार, आदि सहित भारी तादात में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### कड़ाके की ठंड में रेलवे स्टेशन पर छाया सन्नाटा



**चन्दौसी।** नगर में कड़ाके की ठंड का असर लगातार बना हुआ है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। बुधवार को भी हाड़कंपा देने वाली ठंड का खासा असर बाजारों में देखने को मिला। 31 दिसंबर को आमतौर पर जहां बाजारों में चहल-पहल रहती है, वहीं इस बार ठंड के चलते सन्नाटा पसरा रहा। ठंड का असर रेलवे स्टेशन पर भी साफ दिखाई दिया। आम दिनों में जहां सैकड़ों लोग यात्रा के लिए रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहते हैं, वहीं बुधवार को यात्रियों की संख्या काफी कम रही। साल के अंतिम दिन ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। हालांकि दिनभर कोहरा नहीं छाया, लेकिन ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी। सुबह से लेकर शाम तक चलती सर्द हवाओं के कारण लोग आवश्यक कार्यों के अलावा घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आए। ठंड के चलते चाय की दुकानों और अलाव के आसपास लोगों की भीड़ जरूर दिखाई दी, जहां लोग हाथ सेंकते नजर आए।

### न्यायालय परिसर स्थित चाय कैंटीन की नीलामी दो जनवरी को होगी

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी न्यायालय परिसर में संचालित चाय कैंटीन की नीलामी अब 02 जनवरी 2026 को सायं 04:30 बजे न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड साथ लाकर निर्धारित प्रतिभूति राशि नजारत अनुभाग में जमा कराकर नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। यह जानकारी केन्द्रीय नजारत अनुभाग के प्रभारी अधिकारी द्वारा दी गई।

# गुमथल गांव में किसान कारवां मेले का आयोजन

## किसानों को खेती व पशुपालन की दी गई जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गुमथल गांव में बुधवार को किसान कारवां मेले का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग के विशेषज्ञ एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉ0 अजय कुमार ने पशुओं से संबंधित ग्राउंड में उपस्थित सभी किसानों को जानकारी दी कि पशुओं की देखभाल समय-समय पर करते रहें, अपने पशुओं को प्रतिदिन हरा चारा देना चाहिए तथा पशु के चारा खाने का बर्तन भी समय-समय पर साफ करें जिससे कि पशु के बर्तन में बैक्टीरिया उत्पन्न ना हो। अगर आपका पशु बीमार स्थिति में दिख रहा है तो उसे तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। कृषि विभाग के अधिकारी ने किसानों को बताया कि जैविक खाद को अपनी खेती में अधिक से अधिक प्रयोग करें, यूरिया को फसल मे कम से कम मात्रा में प्रयोग करें। यूरिया खाद से हम पैदावार नहीं ले सकते, यूरिया खाद केवल फसल के लिए बढ़ाने का कार्य करता है। इस केमिकल को कम से कम मात्रा में फसल में लगाना चाहिए। खेती के साथ-साथ उन्होंने पशुपालन की भी जानकारी दी और टिल्लू पंप से बर्बाद हो रहे पानी को रोकने के लिए कहा कि हमें टिल्लू पंप से कम से कम मात्रा में पानी खर्च करना चाहिए जिससे कि आने वाले समय में पानी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर लोग गांव में पानी की बर्बादी अधिक करते हैं जिसको हमें रोकना चाहिए। कार्यक्रम में ओमप्रकाश प्रजापति, शीशुपाल दिवाकर, रामकिशोर जाटव, अशर्फीलाल मौर्य, वीरेंद्र प्रजापति, बबलू पाठक, जोगिंदर कुमार, गोपीचंद प्रजापति, राकेश कुमार, भगवानदास कश्यप, विनय कुमार शर्मा, दीपक कुमार, भगवानदास, अरुण कुमार मौर्य, कैलाशचंद्र, सोमपाल सिंह, उदल पाल, मोहित कुमार उपाध्याय, हरिओम प्रजा. पति, महेशचंद्र आदि मौजूद रहे।



# बबराला में नवनिर्मित कान्हा गोशाला का लोकार्पण

## पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** जनपद की तहसील गुन्नौर क्षेत्र के ग्राम बाघऊ के निकट खेरे वाले शिव मंदिर, बबराला पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में नवनिर्मित कान्हा गौशाला का बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा विधिवत लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के उपरांत जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोवंशों के लिए निर्मित मंगला सदन, धनु सदन, सुरभि सदन एवं नंदी सदन का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बबराला महाबली बर्बरीक की पावन धरा है, जहां से जुड़ी अनेक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गाथाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस कान्हा गौशाला को भविष्य में एक आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला परिसर में एक गौ पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाए, जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी गुन्नौर को निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला के आसपास की भूमि की पैमाइश कराई जाए और यदि कहीं अवैध कब्जा पाया जाए तो उसे तत्काल हटवाना सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने इंदिरा चौक, बबराला का भ्रमण किया और निर्देश दिए कि चौराहे पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष बबराला, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी बबराला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का किया स्वागत-सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ, मुरादाबाद क्षेत्र के तत्वावधान में संघ के निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री सत्यवीर सिंह वरिष्ठ लिपिक मुरादाबाद डिपो के सेवानिवृत्ति समारोह तथा उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रभान सिंह एवं केंद्रीय प्रबंध समिति के सदस्य श्री मंबरूर मियां के मनोनयन उपरांत भव्य स्वागत-सम्मान कार्यक्रम का आयोजन मुरादाबाद बस स्टेशन पर अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। उक्त समारोह की अध्यक्षता श्री चंद्रभान सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष मुरादाबाद क्षेत्र के द्वारा की गई, जबकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन श्री रामेश्वर दयाल भारती एवं श्री अरुण कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में संघ की समस्त प्राथमिकी शाखाओं के




पदाधिकारी एवं सदस्यगण भारी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे समारोह को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई। इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त साथी श्री सत्यवीर सिंह को उनके दीर्घकालीन, निष्ठावान एवं संघर्षशील सेवाकाल के लिए भावपूर्ण विदाई दी गई तथा उनके योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। साथ ही नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रभान सिंह एवं केंद्रीय प्रबंध समिति सदस्य श्री मंबरूर मियां को फूल-मालाएं पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत-सम्मान किया गया। वक्ताओं ने संघ को और अधिक मजबूत, संगठित एवं संघर्षशील बनाते हुए कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा हेतु सतत संघर्ष का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का उत्साह, अनुशासन एवं एकजुटता संघ की मजबूती का स्पष्ट प्रमाण रहा। यह आयोजन ऐतिहासिक, प्रेरणादायक एवं संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीएल मिश्रा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) मुरादाबाद, श्रीमती राजवती सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डिपो, अरुण कुमार सिंह, डीके सक्सेना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, उक्त कार्यक्रम से संबंधित छायाचित्र संलग्न हैं। अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय मंत्री उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ मुरादाबाद क्षेत्र।

## विद्युत अव्यवस्था को लेकर व्यापार मंडल व सभासदों का अधिशासी अभियंता से की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई एवं नगर चन्दौसी के सभासदों ने नगर में व्याप्त विद्युत अव्यवस्था को लेकर अधिशासी अभियंता से समस्या पर गंभीर चर्चा की। इस दौरान नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने स्पष्ट कहा कि विद्युत विभाग द्वारा किसी भी नागरिक का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा निर्धारित विद्युत शेड्यूल के अतिरिक्त किसी प्रकार की कटौती नहीं होनी चाहिए। सभासद अमन कोरी एवं सभासद शिवकुमार सैनी ने नगर में जर्जर तारों व जर्जर पोलों की समस्या को प्रमुखता से उठाया। सभासद शिवकुमार सैनी ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से जर्जर तारों और पोलों को हटाने हेतु उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है, और यदि कोई गंभीर घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। इस दौरान शुभम अग्रवाल, सभासद तरुण नीरज, शाहआलम मंसूरी, सभासद नवकांत शर्मा, सभासद निशांत शर्मा, अमन, यश मदान, सावन शर्मा, निशांत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# धामपुर में अवैध निर्माण पर चला जेसीबी

## उद्योगपति के निर्माणाधीन आवास का बड़ा हिस्सा ध्वस्त, विरोध के बावजूद प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के प्रमुख उद्योगपति द्वारा धामपुर जंक्शन कॉलोनी में कराए जा रहे निर्माणाधीन आवास पर विनियमित विभाग और तहसील प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर जेसीबी से ध्वस्तीकरण किया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर विरोध के प्रयास भी हुए, लेकिन प्रशासन के सख्त रुख के आगे विरोध सफल नहीं हो सका।



प्राप्त जानकारी के अनुसार धामपुर जंक्शन कॉलोनी में नगर के प्रमुख उद्योगपति नरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा एक आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा था। विनियमित क्षेत्र विभाग का कहना है कि उक्त निर्माण के लिए विभाग से कोई मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया था। इसी क्रम में विभाग की ओर से 17 मार्च 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें 27 मार्च 2025 को पक्ष प्रस्तुत करने की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन निर्धारित तिथि तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

इसके बाद विभागीय अवर अभियंता द्वारा 16 मई को निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर मानचित्र को निरस्त करते हुए ध्वस्तीकरण (दोस्तीकरण) का आदेश पारित किया गया। आरोप है कि नोटिस जारी होने के बावजूद संबंधित भू-स्वामी द्वारा निर्माण कार्य लगातार जारी रखा गया और कई बार चेतावनी देने के बाद भी निर्माण नहीं रोका गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी धामपुर की ओर से श्रेया गुप्ता पुत्र सौरभ गुप्ता, निवासी बड़ी मंडी को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य जारी रहा।

एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार कपिल आजाद के नेतृत्व में विनियमित विभाग के बाबू योगेंद्र कुमार, पटवारी छत्रपाल सिंह तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचा और निर्माण से संबंधित अभिलेख तलब किए। आरोप है कि कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जब प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरू की गई तो मौके पर मौजूद मजदूरों ने निर्माण स्वामी के आने तक कार्रवाई रोकने की मांग करते हुए जेसीबी के सामने खड़े होकर विरोध किया।

कुछ समय बाद भू-स्वामी नरेंद्र कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे, जहां अधिकारियों से उनकी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद प्रशासनिक टीम ने जेसीबी लगाकर अवैध निर्माण का काफी हिस्सा ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अन्य अवैध निर्माण करने वालों में भी खलबली देखी गई।

इस संबंध में भू-स्वामी नरेंद्र कुमार गुप्ता का कहना है कि उनके द्वारा मुरादाबाद से मानचित्र स्वीकृत कराया गया है।

वहीं उपजिलाधिकारी धामपुर ने स्पष्ट किया कि संबंधित निर्माण के लिए कोई वैध मानचित्र स्वीकृत नहीं है और नियम विरुद्ध निर्माण को गिराया गया है। प्रशासन ने दो टूक कहा कि भविष्य में भी अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन



**नहटौर।** झालू मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने भय मुक्त शासन प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों को लाभ मिला है। देश में ऐसे बहुत से विकास कार्य कराए गए हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि हैं। अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने अटल के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर दीप सौरव, धीर सिंह, सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, राकेश चौधरी, शोभित त्यागी, मंडल अध्यक्ष नहटौर वैभव गोयल, राकेश सैनी, पियूष चौहान, दानवीर सिंह, अतुल मारवाड़ी, विनीत शर्मा, उर्मिला, सुधा, अंजू रोहिला, कुलवीर चौधरी, राहुल चौधरी, संजीव त्यागी, सुभाष शर्मा, दर्पण रावल, पवन दक्ष, राजेश सैनी, नितिन पवार, मुंजेश्वर, भीम सिंह आदि मौजूद रहे।

# कौमी इत्तेहादी वेलफेयर सोसायटी ने बांटे कंबल

### डा. फकुर्रहमान को शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कौमी इत्तेहादी वेलफेयर सोसायटी मुस्लिम फंड की जानिब से सम्मान व कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ करीब 400 जरूरतमंदों को गर्म कम्बल बनते गए।



मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित कौमी इत्तेहादी वेलफेयर सोसायटी मुस्लिम फंड के डायरेक्टर सईदुररहमान के आवास पर आयोजित कार्यक्रम का आगाज मौलाना मौहम्मद असलम कासमी ने कलाम पाक की तिलावत से किया। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने कहा कि मुस्लिम फंड द्वारा बिना जाति, धर्म, बिरादरी के भेदभाव के कम्बल वितरण सालों से कर रहे हे। यह बहुत ही पुण्य का काम है। इस दौरान मुरादाबाद के एक अस्पताल में सेवा करने वाले डा. फकुर्रहमान को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने जरूरतमंदों को करीब 400 गर्म कम्बलों का वितरण किया। इस अवसर पर मुस्लिम फंड के अध्यक्ष मकबूल अहमद, फरीदूररहमान, जावेद अख्तर, एमडी रईस अहमद, मौहम्मद जाहिद, हाजी चांद, डा. जियाउररहमान, शहाबुद्दीन, ब्रांच मैनेजर नोगावा रिजवान अंसारी, नसीमुररहमान, जुबैर, इमरान अहमद, जाबेद, वकील अहमद, खालिद अंसारी, दानिश खान, राहिल अनवर आदि का सहयोग रहा। अध्यक्षता मकबूल अहमद ने की तथा संचालन कारी राशिद हमीदी ने किया।




# हमें सभी भाषाओं को सीखना चाहिए : तीरथ सिंह रावत



### किंडरगार्टन दा फन जोन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन दा फन जोन के शुभारंभ के मौके पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, लेकिन फिर भी हम एक हैं। उन्होंने समाज में संस्कारवान शिक्षा पर जोर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज अपराह्न तीन बजे ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने स्कूल में स्थापित किए गए किंडरगार्टन दा फन जोन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमें सभी भाषाओं को सीखना चाहिए। साथ ही अपनी भाषा का ज्ञान भी होना आवश्यक है। हमें शैक्षिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान और संस्कारवान भी होना चाहिए। भारत विविधताओं का देश है और हम सब एक है। हम सब को भारत को एक बार फिर से विश्व गुरू बनाना है और विश्व का नेतृत्व करेगा।

इस मौके पर राम अवतार जिंदल, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद कांता कर्दम, झालू चेयरमैन चौधरी लोकेंद्र सिंह, नूरपुर चेयरमैन एमपी सिंह, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुमन त्यागी, पूर्व प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह, स्कूल अध्यक्ष आशीष सिंघल, डायरेक्टर लीना सिंघल, प्रधानाचार्य इदरीस अहमद, कोऑर्डिनेटर तब्बुसुम जैदी, बिंसी चौधरी, त्रिमोहन गंगोत्री आदि मौजूद रहे।

# समाज की सच्ची प्रगति सेवा और संवेदना से ही संभव: जिम्मी सिंह

### जागरूकता अभियानों को दे रही नई दिशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर हनुमंत अलवर दैवीय स्थल ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं जानी-मानी समाजसेविका श्रीमती जिम्मी सिंह का सेवा भाव क्षेत्र में प्रेरणा का विषय बना हुआ है। समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचाने की उनकी सोच और निरंतर प्रयासों ने उन्हें एक सशक्त सामाजिक चेहरा बना दिया है।



श्रीमती जिम्मी सिंह वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। हनुमंत अलवर दैवीय स्थल ट्रस्ट के माध्यम से उन्होंने गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई, असहाय लोगों के इलाज और सामाजिक जागरूकता अभियानों को नई दिशा दी है। नव वर्ष के मौके पर उन्होंने संदेश दिया कि समाज की सच्ची प्रगति सेवा और संवेदना से ही संभव है। उनका मानना है कि हर व्यक्ति यदि थोड़ा-सा भी योगदान दे, तो समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। नव वर्ष पर क्षेत्रवासियों ने श्रीमती जिम्मी सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और कहा कि उनका समाजसेवा का सफर आने वाले वर्षों में और अधिक लोगों के लिए आशा की किरण बनेगा।

## एक नजर

### सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग तेज



**स्योहारा।** आर्य समाज मंदिर के आसपास बढ़ती असामाजिक गतिविधियों को लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरी चिंता व्याप्त है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग को लेकर मौहल्ला निवासी साधना शर्मा ने अधिशासी अधिकारी को एक पत्र सौंपते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि आर्य समाज मंदिर के इर्द गिर्द आए दिन छोटी-बड़ी अप्रिय घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिससे क्षेत्र का सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है और श्रद्धालुओं सहित स्थानीय निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगना अत्यंत आवश्यक हो गया है। साधना शर्मा ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि केवल आर्य समाज मंदिर ही नहीं बल्कि नगर के अन्य संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे शिवाजी मार्केट, मीना मार्केट, पीर का बाजार, एम गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए ताकि नगर में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।

### डंपर-कार की भिड़ंत में युवक घायल



**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर रायपुरी बॉर्डर पर पुलिस चौकी के नजदीक बीती शाम एक कार खड़े डंपर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार एक युवक घायल हो गया। जिसे पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक की पहचान जिला बुलंदशहर के गिरौरा निवासी जाकिर पुत्र जकीरा के रूप में हुई है। वह मुजफ्फरनगर के पुरकाजी स्थित लिबर्टी इंजीनियरिंग कंपनी में मैकेनिक है। जाकिर अपने साथी अशरफ अली पुत्र जमीर अली निवासी पुरकाजी, मुजफ्फरनगर के साथ रुद्रपुर से पेट्रोल पंप की मरम्मत कर पुरकाजी लौट रहे थे। रायपुरी बॉर्डर स्थित पुलिस चौकी पर उपखनिज से भरा एक डंपर चालक आमिर पुत्र शौकत अली निवासी फतुल्लागंज, ठाकुरद्वारा अपने कागजात दिखाने के लिए रुका था। उसी दिशा से आ रही कार अनियंत्रित होकर डंपर में जा घुसी। हादसे में मैकेनिक जाकिर घायल हो गया। जबकि कार चालक अशरफ अली को मामूली चोटें आईं। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उपनिरीक्षक रहीशपाल ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नगर पालिका में कूड़ा प्रबंधन अभियान



**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद में सूखे और गीले कूड़े के उचित प्रबंधन के लिए घर-घर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व मॉडर्न ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के कोऑर्डिनेटर कमल कुमार कर रहे हैं। कमल कुमार ने बताया कि उनकी टीम में चार सदस्य हैं, जिनमें परमजीत कौर, शबाना और रीनू शामिल हैं। टीम अब तक लगभग 20 से 25 वार्डों में यह अभियान पूरा कर चुकी है और शेष वार्डों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। टीम के सदस्यों शबाना, रीनू और परमजीत कौर ने बताया कि उन्हें जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है। यह कार्य मॉडर्न ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा नगर पालिका परिषद के सहयोग से कराया जा रहा है।

### आग लगने से लाखों का सामान राख



**चंदक।** चंदक में बुडगरा रोड निवासी देवप्रताप एड. के घर के एक कमरे में आग लग गई, जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पाया। सुबह करीब नौ बजे घर के देवप्रताप की पत्नी के ऊपर वाले कमरे से धुआं निकलने पर आग का पता चला। फायर बिग्रेड और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे चंदक पुलिस चौकी के सिपाहियों ने फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग से बेड, सामान, कपड़े, ड्रेसिंग टेबल, अलमारी, खिड़की, पंखा आदि जलकर राख हो गए। आग से लाखों रुपये के सामान की क्षति हुई। परिजनों के अनुसार सब नीचे रहते हैं। ऊपर का कमरा बंद था। उसकी चाबी भी देवप्रताप की पत्नी के पास थी। बताया जाता है कि देवप्रताप और उनकी पत्नी किरन के बीच घरेलू विवाद चल रहा है, जिसके चलते किरन अपने एक पुत्र के साथ लगभग एक वर्ष से कस्बे में ही अलग किराए पर रहती है। सूचना मिलने पर किरन भी मौके पर पहुंची। दोनों में आरोप प्रत्यारोप हुए। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका।

### नजीबाबाद में सर्दी का सितम जारी

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद में सर्दी का सितम जारी है। उत्तराखंड की पहाड़ियों के पास फंसा यह शहर बुरी तरह शीतलहर की चपेट में है। दिन भर कड़ाके की ठंड ने लोगों का जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। कड़ाके की सर्दी के चलते लोग ठिठुरने को मजबूर हो रहे हैं। लोग आग का सहारा लेकर दिन गुजार रहे हैं, ठंडी हवाओं व सर्द मौसम ने आम जनजीवन की दिनचर्या पर भी असर डाला है। सर्दी के कारण सुबह व रात के समय सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। जबकि आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दे रहे हैं। ठंड का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, छोटे बच्चों व बीमार लोगों पर पड़ रहा है। सर्दी से बचने के लिए ज्यादातर लोग घरों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव व हीटर का सहारा लेते नजर आ रहे है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अब चीन का दावा

गत मई में भारत-पाक के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष के दावों में अब चीन का नाम भी जुड़ गया है। बीजिंग में आयोजित कार्यक्रम में चीन विदेश मंत्री वांग यी ने यह दावा करते हुए कहा कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है और उसी कोशिश के चलते ही उसने भारत-पाक के बीच तनाव के दौरान ही मध्यस्थता की थी। इससे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यह दावा करते रहे हैं कि उनकी टैरिफ की धमकी के चलते ही भारत-पाक युद्ध रोकने पर सहमत हुए थे। जहां तक बात भारत की है, अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह चीनी विदेश मंत्री के इस दावे को भी खारिज कर दिया है। भारत ने साफ कहा है कि संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। भारत के मुताबिक भारी नुकसान होने के बाद पाक के सैन्य अधिकारी ने भारतीय सैन्य अधिकारी से संपर्क किया था। पाक के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिल्ट्री ऑपरेशन्स ने भारतीय डीजीएमओ से बात की और इसके बाद ही दोनों देशों में दस मई से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई। नवंबर में जारी अमेरिकी रिपोर्ट में भी यह आरोप लगाया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि सोशल मीडिया पर चीन ने फर्जी अकाउंट के जरिये एआई से बनाई झूठी तस्वीरें फैलाई, जिनका मकसद भारत द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों की छवि को नुकसान पहुंचाना और चीन के अपने जे 35 विमान को बढ़ावा देना था। समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति हों या चीनी विदेश मंत्री इस तरह के दावे कर क्या साबित करना चाहते हैं। वह भी बार-बार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को तो ठीक से याद भी नहीं होगा कि वह कितनी बार अपने देश के बाहर भी जहां भी अवसर मिलता है वह यह दावा करने से भी नहीं चूकते। अब चीन भी शांति का दूत बनकर सामने आने का प्रयास कर रहा है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिए भी यह भी एक बड़ा सबक है कि आखिर उसके साथ इस तरह की हरकतें क्यों की जा रही हैं। वह भी तब जब भारत स्पष्ट रूप से साफ कह चुका है कि किसी ने भी भारत-पाक के बीच संघर्ष रुकवाने में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि भारत को ऑपरेशन सिंदूर के चलते जबरदस्त सफलता मिली और उसने पाक के 11 एयरबेसों को नुकसान पहुंचाया, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि कहीं न कहीं राजनीतिक व कूटनीतिक स्तर पर हमसे चूक हुई है और हम अपनी बात को विश्व स्तर पर सही तरीके से नहीं रख पाए हैं, जिससे अमेरिका व चीन जैसे देशों को भारत के मामलों में बोलने का अवसर मिल गया है और वह बोल भी रहे हैं। अब यह कूटनीति की विफलता ही कहा जाएगा कि भारत पाक के बीच संघर्ष विराम की खबर सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के माध्यम से ही आई थी।

## मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था, सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत हैं और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, ट्रम्प पहले ही बार- बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर भारत-पाक के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है, इस पर श्री मोदी की चुप्पी परेशान करने वाली है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार



**निर्मल रानी**



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गत 9 दिसंबर को कुछ स्थानीय युवकों द्वारा अगरतला त्रिपुरा के निवासी 24 वर्षीय एंजेल चकमा नामक एक छात्र पर जानलेवा हमला किया गया। हमले के बाद 17 दिनों तक अस्पताल में इलाजरत रहने के बाद गत 26 दिसम्बर को आखिरकार उसकी मृत्यु हो गई। चकमा, देहरादून स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र थे। खबरों के अनुसार देहरादून में एंजेल चकमा की मौत एक कथित नस्लीय हमले के कारण हुई। बताया जाता है कि 9 दिसम्बर को जब एंजेल और उनके 21 वर्षीय छोटे भाई माइकल चकमा पास के सेलाकुई इलाके में किराने का सामान खरीदने गए थे उसी समय उनके चेहरों को देखकर हमलावरों ने उन्हें नस्ली गालियां दीं। बताया जाता है कि घटनास्थल पर करीब छह लोगों का एक समूह, जो पास में ही पहले से किसी के जन्मदिन का जश्न मना रहा था, ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने उन पर नस्ली टिप्पणियां करते हुए उनपर चिंकी, चीनी और मोमो जैसी टिप्पणी की। जबकि एक आरोपी ने कहा कि ओए चीनी, क्या मांस खरीदने आए हो? माइकल ने इसका विरोध किया, तो एक आरोपी ने उन्हें ब्रेसलेट से सिर पर मारा। एंजेल ने अपने भाई की रक्षा करने की कोशिश की और शांतिपूर्वक कहा, हम चीनी नहीं हैं। हम भारतीय हैं। क्या प्रमाण-पत्र दिखाएं कि हम भारतीय हैं, लेकिन नफरती संस्कारों में डूबे गुंडों के इस समूह ने हिंसक रूप से उन पर हमला कर दिया। यज्ञ अवस्थी नामक मुख्य आरोपी ने एंजेल की गर्दन और पीठ पर तेज हथियार से वार किया, जिससे वे गिर पड़े। माइकल भी घायल हुए, लेकिन उन्होंने एंजेल को पास के अस्पताल पहुंचाया। एंजेल की हालत गंभीर थी। उनकी गर्दन और स्पाइन में गहरी चोटें थीं। आखिरकार वे कभी पूर्ण चेतना में वापस नहीं आए और नफरत के सौदागरों ने एक होनहार भारतीय छात्र की हत्या कर उसके परिवार को अंधकार में धकेल दिया। निश्चित रूप से इस घटना ने उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों के खिलाफ उपजी नस्लवाद की समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। इस घटना को लेकर त्रिपुरा सहित देश के विभिन्न राज्यों व शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

हालांकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के विकास को लेकर तरह तरह की बातें करते रहते हैं, परन्तु हकीकत यही है कि गत कुछ वर्षों में इसी देव भूमि में सत्ता संरक्षित धर्म जाति आधारित नफरती घटनाओं में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। उदाहरण के तौर पर अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड के पुरोला कस्बे में एक 14 वर्षीय लड़की के अपहरण के बाद श्लव जिहादश का आरोप लगाकर हिंदू-मुस्लिम दंगे भड़काए गए। मुस्लिम मकानों व दुकानों पर लक्षित हमले किए गए, कई परिवार शहर छोड़कर भागने को मजबूर हुए। इसी तरह हल्द्वानी में 2024 की बनभूलपुरा में अवैध मदरसे और मस्जिद के विध्वंस पर पथराव, आगजनी और पेट्रोल बम फेंके जाने की घटना सबसे प्रमुख रही, जहां 6 लोगों की मौतें हुईं। 2025 में भी कश्मीरपुर और हल्द्वानी में साम्प्रदायिक तनाव देखा गया। राज्य में दलितों के विरुद्ध भी अनेक घटनाएं होती रहती हैं। परन्तु समाज में धर्म जाति व क्षेत्र के नाम पर बढ़ती नफरतों के बीच इस राज्य को श्देव् भूमिश के रूप में भी प्रचारित किया जाता है।

सवाल यह है कि उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय राज्य सहित देश के अन्य विभिन्न राज्यों में इस तरह के नफरत व हिंसा पैदा करने वाले हालात क्या अचानक पैदा हुए हैं या सत्ता के संरक्षण में इन नफरती संस्कारों को पोषित किया जा रहा है? उत्तराखंड की घटना के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा दिए गए बयान से यह काफी कुछ स्पष्ट हो जाता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि श्पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ ऐसी घटनाएं अलग-थलग नहीं हैं और समाज को भेदभाव रोकने के लिए एकजुट होना चाहिए। हम लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। हमें मिलकर भेदभाव को रोकना होगा। भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए। वहीं, राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी में कहा कि हम प्रेम और विविधता का देश हैं। हमें ऐसा समाज नहीं बनना चाहिए जो साथी भारतीयों को निशाना बनाए जाने पर अनदेखी करे। हमें यह सोचने और सामना करने की जरूरत है कि हम अपने देश को क्या बनने दे रहे हैं ? अफसोस की बात तो यह कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा उत्तराखंड की घटना के बाद व्यक्त किए गए विचार उस समय सामने आए जब उनके अपने पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की नस्लवादी नफरती लोगों द्वारा हत्या कर दी गई ? जबकि लगभग एक दशक से देश में जगह जगह अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़े वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जाता रहा है। लिंचिंग की घटनाएं घटित हो रही हैं। जगह जगह उन्मादी भीड़ पुलिस की शह पर वर्ग विशेष के लोगों को निशाना बनाती रही है। जगह-जगह उकसाऊ भाषण हो रहे हैं। कहीं हथियार बांटे जा रहे हैं। तो कहीं संवैधानिक पदों पर बैठे लोग स्वयं अपने जहरीले बोलों से समाज में हिंसा व नफरत बढ़ा रहे हैं। नि:संदेह गोदी मीडिया भी इस नफरती

**भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद हैश। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि श्देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध हैश। उन्होंने आगे यह भी कहा कि ऐसी नफरत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, खासकर हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर -जिम्मेदाराना खबरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके खिलाफ लड़ना चाहिए।**

वातावरण को और भी जहरीला बना रहा है। ऐसे में रिजिजू की चिंताओं के अनुसार भारत के किसी भी हिस्से के लोगों का स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करना कहां संभव हो पा रहा है? इस समय देश के समक्ष सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि आखिर देश को कहां ले जाएंगे ये नफरती संस्कार?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनुष्य की गतिविधियां जीवों पर संकट

**शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है।**

मानवीय गतिविधियां समस्त जीव-जंतुओं के लिए संकट उत्पन्न कर रही हैं। समुद्री जीवों के शिकार व इंसानों द्वारा फैलाए गए प्रदूषण के कारण समुद्र के तापमानन में भी वृद्धि हुई है। नतीजतन समुद्री जीवों की कई प्रजातियां समाप्ति की ओर बढ़ रही हैं। वर्ष 2019 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार वैज्ञानिकों ने दो अलग-अलग वातावरण में शार्क की एक प्रजाति की वृद्धि और उनकी शारीरिक स्थिति की तुलना करके पाया था कि बड़े आकार की रीफ शार्क के शिशुओं का विकास कम हो रहा है। शार्क अपने वातावरण में हो रहे परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही हैं। नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में छपे एक शोध से पता चला है कि समुद्री तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण शार्क के बच्चे समय से पहले ही जन्म ले रहे हैं, साथ ही उनमें पोषण की कमी भी देखी गई है। इस कारण से उनका जिंदा रहना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है एवं वे दुबले-पतले बौने रह जाते हैं।

वर्ष 2013 में डलहौजी यूनिवर्सिटी द्वारा किए एक शोध के अनुसार हर साल करीब 10 करोड़ शार्क को मार दिया जाता है। अनुमान है कि यह दुनिया भर में शार्क का करीब 7.9 फीसदी है। वर्ष 2016 में भारत को सबसे अधिक शार्क का शिकार करने वाला देश घोषित किया गया था। शार्क और रे की 24 से 31 प्रजातियों पर विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है जबकि शार्क की तीन प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में आ गई है। शोधकर्ताओं ने चिंता जताई है कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 के बाद शॉर्क और रे की संख्या लगातार कम हो रही है। यहां तक कि अब तक इनकी आबादी में कुल 84.7 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। सिमोन फ्रेजर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन से पता लगाया कि हिंद महासागर में वर्ष 1970 से अब तक मत्स्याखेट का दबाव 18 गुना बढ़ गया है जिसके कारण निश्चित ही समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव विलुप्त हो रहे हैं। अधिक मात्रा में मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क बल्कि रे मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा बढ़ गया है। दरअसल शार्क शिशुओं को प्रजनन करने लायक होने में सालों लग जाते हैं। अपने जीवन काल में यह कुछ ही बच्चों को जन्म दे पाते हैं। ऐसे में अत्यधिक मात्रा में इन्हें पकड़े जाने से स्वाभाविक रूप से इनकी आबादी में गिरावट आ रही है। शार्क की विशेष पहचान उसके हमलवार स्वभाव के कारण है, जो समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यदि यह शिकारी न हों तो इनके बिना पूरा पारिस्थितिकी तंत्र ही ध्वस्त हो सकता है। बावजूद इसके हमारा ध्यान इनकी सुरक्षा और संरक्षण पर नहीं है। इनके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है। इनके प्रबंधन के लिए आम लोगों को सहयोग करना होगा ताकि समुद्री प्रजातियों और उनके आवासों को लंबे समय तक संरक्षित किया जा सके।



**साभार**
**स्रोत फीचर्स**

# सफलता के लिए शिक्षा ही जरूरी

शिक्षा की जटिलता और शिक्षा के परिप्रेक्ष्य को सही ढंग से न समझ पाने की वजह से शिक्षा व्यवस्था बेहाल हो गई है। इसकी तस्वीर बदलने के दावे जिस तरह बढ़-चढ़ कर किए जाते रहे, वह शायद केवल विद्यालय में बच्चों के दाखिले, भवनों के रंग-रोगन, मध्यान्ह भोजन आदि तक सिमट कर रह गए हैं। एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है।

आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का विस्तार तो लगातार होता रहा है, लेकिन शिक्षा के स्तर में अपेक्षित उपलब्धि को लेकर चिंता जाहिर की जाती रही है। दो वर्ष पूर्व सबके लिए शिक्षा विषय पर यूनेस्को ने 12वीं वैश्विक निगरानी रिपोर्ट जारी की गई थी, उसमें शिक्षा की जो तस्वीर उभरती है, वह बताती है कि देश में शिक्षा के प्रति सरकारों का रवैया कितना लापरवाही भरा है। इन सभी रिपोर्टों ने विद्यार्थियों के सीखने की गति को लेकर गहन चिंताजनक तथ्य दिए। वंचित तबकों के 90 फीसदी बच्चे अगर चार साल की स्कूली पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बावजूद लगभग निरक्षर हैं, तो हम किस आधार पर अपनी शिक्षा व्यवस्था को संतोषजनक कह सकते हैं और कैसे अपेक्षित उपलब्धि को पा सकते हैं? यह विचारणीय है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरकारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है और देश के तमाम इलाकों में इसमें कामयाबी भी दर्ज हुई, लेकिन सिर्फ दाखिलों में इजाफा शैक्षिक तस्वीर में सुधार का मानक नहीं हो सकता है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में सीखने के स्तर को लेकर पिछले कुछ दशकों में जो अध्ययन हुए हैं, उन सबके निष्कर्ष यही बताते हैं कि सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था एक तरह से नाम की चल रही है, वहां गुणवत्ता के मानकों की शायद कोई जगह नहीं है। इस स्थिति के लिए कई बार बच्चों की पृष्ठभूमि और उनके परिवार की भूमिका को भी जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है, जबकि स्कूल में दाखिला लिए किसी भी बच्चे के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लगभग सभी पहलू आमतौर पर शिक्षक की क्षमता पर निर्भर होते हैं। कुछ समय पहले आरटीई फोरम नामक एक संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि स्कूलों में पेशेवर दक्षता वाले अध्यापकों की निहायत कमी है।

करीब डेढ़ साल पहले पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कराई गई राष्ट्रीय शिक्षक दक्षता जांच में भी यह चिंताजनक तथ्य सामने आया था कि उसमें शामिल हुए 93वें फीसद शिक्षक फेल हो गए। जाहिर है, एक ओर देश के स्कूल शिक्षकों की व्यापक कमी से जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर मौजूदा अध्यापकों की शिक्षण क्षमता भी सवालों के घेरे में है। आजादी के छह दशक से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद देश में शिक्षा के अधिकार को कानूनी दर्जा मिला। लेकिन इस पर ईमानदारी से अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति किसी भी सरकार में नहीं दिखती।

> सरकारी स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई के माहौल से लेकर विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं न मिल पाना, शिक्षकों का अभाव तथा शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं में अकादमिक संदर्भ व्यक्तियों का अभाव आदि अनेक वजहों से शैक्षिक गुणवत्ता के स्तर में गिरावट एक बड़ी समस्या बनती गई है। यह बेवजह नहीं है कि समृद्ध राज्यों में भी सामाजिक, आर्थिक रूप से विपन्न परिवारों के बच्चों और खासकर लड़कियों के बीच सीखने की क्षमता बेहद कमजोर बनी हुई है। दरअसल, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू होने के बाद से सरकारों का जोर स्कूलों में दाखिला बढ़ाने पर रहा है।

यूनेस्को द्वारा जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पर्याप्त और प्रशिक्षित शिक्षकों के अभाव के चलते सीखने का यह संकट अगली कई पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाता रहेगा और इसका सबसे ज्यादा प्रभाव वंचित तबकों के लोगों पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर उप-सहारा अफ्रीकी देशों की स्थिति को देखा जा सकता है, जहां गरीब घरों के पांच में से सिर्फ एक बच्चा प्राथमिक शिक्षा पूरी कर पाता है। युवा आबादी का एक चौथाई हिस्सा एक वाक्य भी ठीक से नहीं पढ़ पाता। तो क्या हमारे देश के नीति-नियंताओं को भविष्य के संकट का अंदाजा नहीं है? क्या केवल बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने या शिक्षा का अधिकार कानून बना देने या नई शिक्षा नीति को बनाए जाने की पैरवी करने से समानता आधारित शिक्षित समाज का सपना पूरा किया जा सकेगा? वहीं दूसरी ओर, परीक्षाओं को पुन: लागू किए जाने को लेकर राज्यों से आवाजें उठने लगी है। परीक्षाएं न होने से शिक्षा का स्तर गिर रहा है, जैसी बातें शिक्षक बिरादरी से लेकर प्रशासनिक हलकों में उठ रही है।



नतीजन तैयार की जा रही नई शिक्षा नीति में इस प्रावधान को शामिल किया गया है। अब पांचवीं कक्षा तक परीक्षाएं नहीं ली जाएंगी, छठवीं से लेकर पूर्ववत परीक्षाएं होंगी जिससे स्कूलों में परीक्षाएं शुरू करने से शिक्षा का स्तर बेहतर होगा, लेकिन प्रश्न यह है कि देश में पिछले साठ वर्षों से परीक्षा प्रणाली की प्रक्रिया संचालित होती रही है, तब क्या शिक्षा का स्तर बेहतर माना जाता था? शिक्षा के स्तर का परीक्षाओं से क्या लेना देना? जबसे भारत भर में परीक्षा प्रणाली लागू हुई है, हर साल अधिकांश परीक्षार्थी असफल ही होते चले आ रहे हैं। जब भी इस शोचनीय तथ्य का जिक्र होता है तब कतिपय घिसे-पिटे मुद्दों को दोहरा दिया जाता है, जैसे बच्चे पढ़ते नहीं है, शिक्षक अपने दायित्व को प्रामाणिकतापूर्वक निभाते नहीं है, शालाओं में समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं आदि। ऐसा नहीं है कि ये मुद्दे गलत है। पर वे आंशिक सत्य ही है।



प्रयागराज। कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने के बीच प्लेटफॉर्म पर इंतजार करते यात्री।

# जयशंकर ने पाक स्पीकर से मिलाया हाथ

## खालिदा जिया ने फ्यूनरल में पहुंचे थे, ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्रिकेटर्स ने हाथ नहीं मिलाया था

**ढाका।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ढाका में पाकिस्तानी संसद के स्पीकर अयाज सादिक से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हाथ भी मिलाया। दोनों बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के फ्यूनरल में पहुंचे थे।

भारत पाकिस्तान के बीच मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार है जब दोनों देशों के किसी बड़े नेताओं ने आमने-सामने मुलाकात की और हाथ मिलाया। इसी वजह से यह मुलाकात कूटनीतिक तौर पर अहम मानी जा रही है। इससे पहले एशिया कप क्रिकेट मैच के दौरान टीम इंडिया ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था। जिस पर खूब विवाद हुआ था। इतना ही नहीं सीरीज जीतने के बाद भी टीम इंडिया ने एसीसी चीफ मोहसिन नकवी से ट्राफी लेने से इन्कार कर दिया था। मो. हसिन नकवी पीसीबी के चीफ और पाकिस्तान सरकार में मंत्री हैं। दोनों नेताओं की हाथ मिलाते हुई तस्वीर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इससे पहले खालिदा जिया आज शाम 5 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।



■ इससे पहले एशिया कप क्रिकेट मैच के दौरान टीम इंडिया ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

# दुनिया में हुआ नए साल 2026 का आगाज

**नई दिल्ली।** दुनिया में नए साल की एंट्री हो गई है। धरती के सबसे पूर्वी छोर पर बसे द्वीप देश किरिबाती, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में रात के 12 बजते ही साल 2026 के आगाज का जश्न मनाया गया। किरिबाती में भारत से 8:30 घंटे पहले, न्यूजीलैंड में 7:30 घंटे और आस्ट्रेलिया में 5:30 घंटे नए साल ने दस्तक दी। अमेरिका में भारत से 9:30 घंटे बाद नया साल आता है। दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 29 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत करते हैं। इनमें किरिबाती, समोआ, टोंगा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल शामिल हैं। आस्ट्रेलिया के सिडनी में हार्बर ब्रिज पर आतिशबाजी के साथ नए साल का जश्न मनाया गया। न्यूजीलैंड में नए साल ने दस्तक दे दी है। यहां आकलैंड में आतिशबाजी के साथ न्यू ईयर का जश्न मनाया गया। आस्ट्रेलिया में न्यू ईयर के स्वागत के लिए आतिशबाजी शुरू हो गई है। टाइम जोन धरती को समय के हिसाब से बांटने का एक तरीका है। धरती हर 24 घंटे में 360 डिग्री घूमती है। यानी हर घंटे में 15 डिग्री, जिसे एक टाइम जोन की दूरी माना गया। इससे पूरी दुनिया में 24 समान दूरी वाले टाइम बने। हर टाइम जोन 15 डिग्री देशांतर का होता है और एक-दूसरे से करीब एक घंटे का फर्क रखता है। इसी वजह से कहीं सुबह होती है तो कहीं रात, और कहीं नया साल पहले आता है तो कहीं बाद में। टाइम जोन ही तय करते हैं कि किस देश में तारीख कब बदलेगी। घड़ी का आविष्कार 16वीं सदी में हुआ, लेकिन 18वीं सदी तक नया साल सूरज की पोजिशन के मुताबिक सेट किया जाता था।

















